# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार, 13 अगस्त 2025













## कहां है कानून का खौफ

*ढाबे में हत्या के बाद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस वक्त आरोपियों के चेहरे पर कानून का कोई खौफ नजर नहीं आया, बल्कि चेहरे पर खुशी दिख रही थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी 'विक्ट्री साइन' बनाते नजर आए।*

### धमतरी जिले के भोयना ढाबा के सामने हुई खूनी वारदात, दो युवकों ने भागकर बचाई जान

# ढाबे में झगड़ा, रायपुर के तीन युवाओं को मार डाला, पुलिस ने बदमाशों का निकाला जुलूस

*अर्जुनी मार्ग के ढाबे में सोमवार रात ट्रिपल मर्डर ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी। बदमाशों की टोली ने मामूली बात पर रायपुर से गए पांच युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दो युवक तो भाग निकले, पर तीन की मौत हो गई। मृतकों में दो भाई बताए जा रहे हैं। इस घटना ने पूरे प्रदेश को हिला दिया। बदमाशों का दुश्साहस ही है कि उन्होंने वारदात के बाद जश्न मनाते हुए सेल्फी भी ली। पुलिस की हिरासत में भी आने के बाद भी उनकी हंसती हुई तस्वीर तार तार हो रही कानून व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रही है। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग समेत आठ को गिरफ्तार कर लिया है।*



ये हैं मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धमतरी

पुलिस के अनुसार रायपुर सेजबहार, संतोषीनगर इलाके के आलोक सिंग ठाकुर, नितिन टांडी, सुरेश जियाल अपने दो साथियों के साथ कार में धमतरी घूमने आए थे। घूमने के बाद पांचों ने अपने मित्र ग्राम सोरम निवासी राहुल साहू से ग्राम भटगांव के अस्पताल के पास मुलाकात की। उसके बाद सभी दोस्तों ने ढाबा जाकर पार्टी करने का योजना बनाई। कुछ युवक कार में तो कुछ युवक बाइक में सवार होकर नगरी रोड स्थित ग्राम भोयना मथुराडीह मोड़ के पास अन्नपूर्णा ढाबा पहुंचे। उनके ▶▶| शेष पेज 7 पर





पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस।

### तोड़फोड़ के साथ गल्ला भी लूटा

सोमवार की रात्रि आरोपियों के सिर पर खून सवार था। खूनी घटना से पहले आरोपियों ने बाजू में स्थित मुसाफिर ढाबा के गल्ले से नकदी रकम लूट तोड़फोड़ भी की। वहीं एक कार चालक को भी चाकू दिखाकर लूटने का प्रयास किया। इसी तरह वहां से गुजर रहे हाईवा को रोक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### एक मृतक महिला अधिकारी का वाहन चालक था

*सूत्रों के अनुसार मृतक नितिन धमतरी में पदस्थ एक महिला अधिकारी का वाहन चालक था। अधिकारी रायपुर से रोज आना-जाना करती थी। वहीं आलोक उर्फ अज्जू रायपुर के एक कंपनी में सुपरवाइजर था। मृतक सुरेश रायपुर में डेंटिंग पेंटिंग का काम करता था। तीनों मध्यम वर्गीय परिवार से थे।*



### पुलिस की निष्क्रियता आई सामने

शहर से बाहर स्थित ढाबे में देर रात तक लोगों की आवाजाही रहती है। वहीं कई ढाबों में अवैध रूप से शराब भी परोसी व पिलाई जाती है, जबकि पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग व संदिग्धों पर नजर रखने का दावा करती है, लेकिन ट्रिपल मर्डर की घटना ने पुलिस के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

### शराब घोटाला मामला

## चैतन्य को अभी राहत नहीं ईडी से हाईकोर्ट ने जवाब मांगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से तत्काल राहत नहीं मिली है। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 26 अगस्त को होगी।

बता दें कि ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 18 जुलाई 2025 को भिलाई 3 स्थित बघेल निवास से चैतन्य बघेल को उनके ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पीने को साफ पानी नहीं, बुखार भी

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से कहा गया कि चैतन्य को साफ पीने का पानी नहीं मिल रहा है, इससे उनकी तबियत बिगड़ रही है। बार-बार बुखार भी आ रहा है। हालांकि इस संबंध में किसी प्रकार के मेडिकल प्रमाण कोर्ट में पेश नहीं किए गए। हाईकोर्ट ने इसके बाद भी इस संदर्भ में जेल अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिया है और कहा है कि जेल मेनुअल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। याचिकाकर्ता को यह भी छूट दी गई है कि ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 4,594 करोड़ होगा निवेश

## यूएस-चीन को टक्कर लगेंगे चार 'चिप' संयंत्र

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी। यह 11.16 किलोमीटर लंबी होगी और इसमें 12 स्टेशन शामिल होंगे।
- अरुणाचल प्रदेश में 8,146 करोड़ रुपए की 700 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में कुल 4,594 करोड़ रुपए के निवेश से चार सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की स्थापना को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी संवाददाताओं को देते हुए कहा कि ये प्रस्ताव 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत स्वीकृत किए गए हैं। इस मिशन के तहत सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना में वित्तीय मदद देने के लिए 76,000 करोड़ रुपए ▶▶| शेष पेज 7 पर


### छह गुना बढ़ा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उठाए गए विभिन्न कदमों से पिछले 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र छह गुना बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात आठ गुना बढ़कर 3.3 लाख करोड़ रुपए और ▶▶| शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी का एक अक्टूबर से शताब्दी समारोह

**नई दिल्ली।** यूपीएससी अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर



साल भर चलने वाले कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन करेगा। शताब्दी समारोह एक अक्टूबर से शुरू होगा। एक अक्टूबर, 2026 तक जारी रहेगा। इस संबंध में निर्णय हाल ही में यूपीएससी अध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया।

### ट्रेन के आगे कूदकर दंपति ने की आत्महत्या

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक दंपति ने ट्रेन के आगे कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना घोटी कस्बे में छह अगस्त की शाम हुई। दिनेश देवीदास सावंत (38) और उनकी पत्नी भाग्यश्री (33) ने प्रचित्राय मंदिर और घोटी रेलवे फाटक के बीच रेलवे लाइन पर इगतपुरी जाने वाली ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सात अगस्त को दंपति की अंत्येष्टि की गई।

### एक साथ चुनाव, संयुक्त समिति का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ



कराने के प्रावधान संबंधी दो विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल मंगलवार को शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक के लिए बढ़ा दिया गया। संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को सदन ने पारित कर दिया।

### नए आयकर बिल में अग्रिम कर पर अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने नए आयकर विधेयक में अग्रिम कर की कम अदायगी पर ब्याज वसूली संबंधी प्रावधान को लेकर एक सुधार अधिसूचना जारी की। इस अधिसूचना में निर्धारित तारीख तक अग्रिम कर की कम अदायगी करने पर तीन प्रतिशत ब्याज की वसूली का प्रावधान किया गया है। मौजूदा नियमों के तहत जिन करदाताओं पर 10,000 रुपए या उससे अधिक का कर देय होता है, उन्हें अग्रिम कर चार किस्तों में चुकाना होता है।

## सीएम की पहल, छग को मिलेगी अतिरिक्त डीएपी और यूरिया की खेप



हरिभूमि न्यूज▶रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर केन्द्रीय रासायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने छत्तीसगढ़ को यूरिया और डीएपी खाद की अतिरिक्त आबंटन की मंजूरी दे दी है।

**केन्द्रीय मंत्री ने जल्द आबंटन के दिए निर्देश**

श्री साय ने 8 अगस्त को केंद्रीय उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर इस संबंध में मांग की। इसके बाद राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सांसदों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ राज्य को यूरिया और डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने राज्य के किसानों को खरीफ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अगस्त में सबसे ज्यादा जरूरत

कृषि मंत्री श्री नेताम और सांसदों ने केन्द्रीय उर्वरक मंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ को माह जुलाई तक यूरिया की 5.99 लाख तथा डीएपी की 2.68 लाख मेट्रिक टन आपूर्ति निर्धारित थी जिसके विरूद्ध यूरिया की 4.63 लाख तथा डी.ए.पी. की 1.61 लाख मेट्रिक टन मात्रा राज्य को प्राप्त हुई है। माह अगस्त के लिए यूरिया की 57,600 मेट्रिक टन तथा डीएपी की 36,850 मेट्रिक टन का सप्लाई प्लान निर्धारित है। चूंकि सर्वाधिक आवश्यकता अगस्त माह में होती है। इसलिए अतिरिक्त यूरिया तथा डीएपी की 50-50 हजार मेट्रिक टन अतिरिक्त मात्रा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

### मांग जल्द पूरी होगी, दिया भरोसा

*कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में हम लोगों ने छत्तीसगढ़ के लिए 50-50 हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त डीएपी और यूरिया देने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस मांग पर मंजूरी दी है और यह मांग जल्द पूरी होगी।*

*- रूपकुमारी चौधरी, सांसद, महासमुंद*

### मंत्री के साथ शामिल थे ये सांसद

केन्द्रीय उर्वरक मंत्री श्री नड्डा से मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री श्री नेताम और लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, विजय बघेल, कमलेश जांगड़े और रूपकुमारी चौधरी और राज्यसभा सांसद देवेन्द्र बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़ मार्कफेड प्रबंध संचालक किरण कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में यूरिया और डीएपी खाद की आपूर्ति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के किसान मुख्य रूप से धान की फसल लेते हैं। खरीफ सीजन में किसान अगस्त-सितंबर माह में रोपा-बियासी का कार्य करते हैं।

### मतदाता सूची को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, इधर, छत्तीसगढ़ पूर्व मंत्री ने लगाया आरोप

## आधार-वोटर आईडी नागरिकता के सबूत नहीं, आयोग बोला- सुधार लेंगे गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी



है, वहीं संसद में लगातार हंगामा हो रहा है। विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि इस प्रक्रिया के तहत करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जबकि चुनाव आयोग का दावा है कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को पारदर्शी और सही रखने के लिए है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दलों और कार्यकर्ताओं की आपत्तियां

अभिषेक मनु सिंघवी और प्रशांत भूषण ने इस प्रक्रिया की समय सीमा और 65 लाख मतदाताओं को 'मृत, पलायन कर चुके या अन्य जगह पंजीकृत' बताने के आंकड़ों पर सवाल उठाए। वहीं योगेंद्र यादव ने कहा- बिहार में वयस्क आबादी 8.18 करोड़ है, जबकि मतदाता संख्या 7.9 करोड़ बताई गई।

## एक ही पते पर वोटर लिस्ट में चार पूर्व कलेक्टर का नाम

### पूर्व राजस्व मंत्री का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने



जिले में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूची में गड़बड़ी को लेकर सवाल उठाए हैं। पूर्व राजस्व मंत्री ने दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए आरोप ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ऐसी आशंका भी जताई

श्री अग्रवाल ने कहा है कि यह भी संभव है कि चार पूर्व कलेक्टरों का नाम यहां भी सूची में दर्ज है। वे अपने तबादला के बाद नए पदस्थापना वाले जिलों में भी अपना नाम जुड़वा लिए हों। हमें आशंका यह भी है कि कई दिवंगत लोग हैं, जिनका अभी भी ▶▶| शेष पेज 7 पर




www.cvru.ac.in Follow us on:

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

CVRU विद्या परं दैवतम् DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur AN AISECT GROUP UNIVERSITY

**Approved by :** PCI | AICTE | NCTE | BCI | **Member of :** AIU | **Recognized by :** UGC | A NAAC Accredited University

## ADMISSIONS OPEN
SESSION-2025-26

## THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC

REACH THE HEIGHTS OF SUCCESS

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC




## PROGRAMMES OFFERED

### FACULTY OF SCIENCE

## B.SC.
Mathematics, Microbiology, Biotech, Computer Science, Rural Technology, Biology, UG Programme in Nutrition & Dietetics

## M.SC.
Physics, Chemistry, Botany, Mathematics, Micro-biology, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Technology, Applied Physics

## PGDRD



### Centre for Distance and Online Education (CDOE)

**Programmes Offered :**

BBA | MBA | B.Com | M.Com
B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc.
B.A. (General) | M.A. (Hindi)
M.A. (English) | M.A. (Sanskrit)
M.A. (History)

### Special Features:

- Accredited by NAAC
- Chhattisgarh's first private university
- Skill Courses offered by PMKK in the University
- 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
- Fully Automated Central Library
- 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
- Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
- Diverse student base from 8 states

**FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech | Polytechnic Diploma | M.Tech | B.VOC | M.VOC
UG Diploma in Fire Safety Management

**FACULTY OF INFORMATION TECHNOLOGY**
M.Sc. (IT) | M.Sc. (CS) | P. G.D.C.A. | B.C.A. | D.C.A.

**FACULTY OF ARTS**
B.A. | PERFORMING & FINE ARTS (B.P.A. | M.P.A.)
M.A. | B.Lib. | M.Lib. | M.S.W. (Social Work) | B.J. | M.J.

**FACULTY OF EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION**
B.Ed. | M.Ed. | B.P.E.S. | M.P.E.S.

**FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES**
B. Pharm | D. Pharm | M. Pharm | UG Nutrition & Dietetics

**FACULTY OF LAW**
LL.M. | LL.B. | B.A. (LL.B.) | B.Com.(LL.B.)

**FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT**
B.B.A. | M.B.A. | PGDBM | B.Com. | M.Com.

### Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships
Offering up to **10 Lakh Package**

wipro | vedanta | BAJAJ FINSERV | ICICI Bank | SGS | Reliance | Paytm | Deloitte. | INMOVIDU | Justdial | vivo | kotak | Apollo | BYJU'S | IndusInd Bank | ESAF | airtel | Birla Sun Life Insurance | Jio

### Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956
The BCI (Bar Council of India)
The AICTE (All India Council of Technical Education) Bilaspur
The NCTE (National Council for Teacher Education)
The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)
The PCI (Pharmacy Council of India,
University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

**ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES**
**6261-900581, 6261-900582**

**ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION**
**9302969342, 9617772312**

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

SCAN QR CODE FOR ADMISSION ENQUIRY

**City Office:** Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

रायपुर
बुधवार, 13 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 24, अंक : 28
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 33.8
न्यून. 25.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### तुरंत रोक लगाने की मांग

ग्रामीणों ने इस पर तुरंत रोक लगाने और पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस सांस्कृतिक विरासत को जुए और सट्टे के चंगुल से बचाया जा सके और बच्चों को इस माहौल से दूर रखा जा सके।



# रसूखदारों ने बढ़ाई बोली, मुर्गा लड़ाई में अब एक करोड़ तक का दांव

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बस्तर की परंपरा संस्कृति में शामिल मुर्गा लड़ाई अब अपने मूल स्वरूप से भटककर जुए का अड्डा बन रहा है। बीजापुर जिले के भोपालपट्नम तहसील के तारलागुड़ा में स्थिति गंभीर हो चली है, जहां मुर्गा लड़ाई अब बच्चों तक को अपनी गिरफ्त में लेने लगा है। पड़ोसी राज्य तेलंगाना सीमा पर तारलागुड़ा होने से वहां से आए लोग अपना कब्जा जमाकर लाखों के सट्टे लगाकर इस पारंपरिक खेल को जुआ में बदल दिया है। इस खेल से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एक माह से मुर्गा बाजार में मेला जैसा माहौल है। तेलंगाना से आए व्यापारी यहां नाश्ता, शराब और बिरयानी की दुकानें लगा रहे हैं। इसी भीड़-भाड़ में ▶▶|शेष पेज 7 पर

## 300, 500 और वीआईपी टिकट 1,000 लेकर प्रवेश दिया जा रहा

- तेलंगाना के लोग तारलागुड़ा आकर पारंपरिक खेल को बना डाला जुआ का अड्डा
- तेलंगाना के वानम प्रकाश के हाथ में है मुर्गा बाजार का संचालन



### सरपंच और सचिव ने बिगाड़ा खेल

हर साल गांव का एक मोहल्ला, जिसमें 10 ग्रामीणों का समूह होता है वे इस मुर्गा बाजार को 50-100 रुपए के टिकट लेकर मुर्गा लड़ाई आयोजित करता था। जिनके पास पैसे नहीं होते, वे भी दूर से इस परंपरा का आनंद लेते थे, लेकिन अब आरोप है कि सरपंच और सचिव ने लाखों रुपए लेकर इस परंपरा को पूरी तरह व्यावसायिक और अवैध कमाई का जरिया बनाया है।





### पड़ोसी राज्य के दखल से माहौल खराब

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मुर्गा लड़ाई बस्तर की एक पुरानी सांस्कृतिक परंपरा है, जो पहले केवल मनोरंजन और मेल-मिलाप का जरिया हुआ करती थी। लेकिन अब इसमें बाहरी राज्यों का दखल बढ़ने से यह परंपरा अवैध कमाई और सट्टेबाजी का साधन बन गई है। जनजातीय गौरव समाज के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शाह ने इस मामले में कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा मुर्गा बाजार बस्तर की संस्कृति और रंग-रूप से जुड़ा हुआ है। इसे अन्य राज्यों के व्यक्तियों द्वारा व्यापारी की तरह या सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल करना गलत है। इससे नाबालिग बच्चों पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और स्थानीय ग्रामीण भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। यह परंपरा अपनी मूल पहचान के साथ ही चलनी चाहिए, न कि अवैध कमाई का साधन बननी चाहिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ मंदिर के 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री नहीं



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री के कुछ संगठनों के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। कुछ संगठनों ने श्रद्धालुओं तक ऑनलाइन पहुंचाने का अनुरोध किया था।

### अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौता 90 दिन और बढ़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को चीन के साथ व्यापार समझौते को 90 दिनों के लिए और बढ़ा दिया, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक बार फिर से होने वाला खतरनाक टकराव टल गया है। ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' मंच पर पोस्ट किया कि उन्होंने विस्तार के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन के साथ व्यापारिक समझौते की 90 दिन की पिछली समय सीमा मंगलवार रात 12 बजकर एक मिनट पर खत्म होने वाली थी।

## महाभियोग प्रस्ताव लोकसभा में स्वीकार, स्पीकर ने बनाई समिति

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग, लोकसभा ने बनाई तीन सदस्यीय जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के कई सांसदों के एक प्रस्ताव को मंगलवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। इसके साथ ही न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समिति के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इसलिए उन्हें न्यायाधीश के पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। बिरला ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा, समिति यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक प्रस्ताव (न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का) लंबित रहेगा। इससे पहले उन्होंने सदन को सूचित किया कि उन्हें गत ▶▶|शेष पेज 7 पर

*कैशकांड की वजह से सुर्खियों में आने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 146 सांसदों के साइन किए प्रस्ताव को लोकसभा स्पीकर ने स्वीकार कर लिया है। स्पीकर ओम बिरला ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल की घोषणा की। इस मामले में कमेटी पहले अपनी रिपोर्ट देगी। तब तक महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा।*



### जस्टिस यशवंत वर्मा को कोर्ट से झटका

जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए कार्यवाही का रास्ता साफ उसी वक्त साफ हो गया था, जब सुप्रीम कोर्ट ने आंतरिक प्रक्रिया की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही का अंश पढ़ते हुए कहा था कि हमने कहा है कि हमारी किसी भी टिप्पणी से भविष्य की कार्यवाही में याचिकाकर्ता को कोई नुकसान न हो। हम सावधानी से कदम उठाएंगे। भविष्य में, यदि आवश्यक हो, उचित उपायों के माध्यम से शिकायतें उठाने की संभावना खुली है।

### जांच कमेटी में छग के न्यायमूर्ति मनींद्र समेत तीन सदस्य



**न्यायमूर्ति अरविंद कुमार :** लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित समिति में शामिल न्यायमूर्ति अरविंद कुमार सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश हैं। उन्होंने ने बैंगलोर विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की है। 1987 में अधिवक्ता के रूप में उनका पंजीकरण हुआ था। 2009 में उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया और 2012 में वह स्थायी न्यायाधीश बने।



**न्यायमूर्ति मनींद्र मोहन :** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रहने वाले न्यायमूर्ति मनींद्र मोहन श्रीवास्तव मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। दिसंबर 2009 में उन्हें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया और अक्टूबर 2021 में उनका राजस्थान स्थानांतरण हो गया।



**बीवी आचार्य :** 91 वर्षीय बीवी आचार्य एक अनुभवी विधिवेत्ता हैं, जिनका छह दशक से अधिक का कॅरियर रहा है। वह 1989 से 2012 के बीच पांच बार कर्नाटक के महाधिवक्ता के पद पर रहे हैं। आचार्य तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में विशेष लोक अभियोजक थे।

- कमेटी पहले देगी अपनी रिपोर्ट, तब तक यह प्रस्ताव रहेगा लंबित
- 146 सांसदों के हस्ताक्षर से पेश प्रस्ताव को लोकसभा की मंजूरी

### राष्ट्रपति को भेजेंगे हटाने का प्रस्ताव

लोकसभा स्पीकर बिरला ने कहा कि पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजेंगे। इस मामले में सभी सांसदों को एक सुर में बोलना चाहिए, यह बेहद गंभीर मामला है। कमेटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस दौरान स्पीकर ने बताया कि उनके परिसर में आग लगने के कारण नगदी बरामद हुई, जिसका विवरण सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक किया था।

# जहरीली शराब इलाज के दौरान तीसरे की मौत



- पहले दिन ही दो की हो चुकी थी मौत, रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम कोरकोमा का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

12 दिनों पूर्व एक गांव में शराब सेवन के बाद आधा दर्जन लोगों की तबियत बिगड़ गई थी जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई जिसमें से बाकी लोगों को मेडिकल हॉस्पीटल में दाखिल कराया गया था जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई थी। लंबे इलाज के बाद 56 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।


उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा निवासी राजबीन बाई चौहान उम्र 65 वर्ष पति स्वर्गीय टीकसराम चौहान के घर 30 जुलाई को उरगा थाना क्षेत्र ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बिसरा किया गया प्रिजर्व

रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कोरकोमा निवासी तीन लोगों की मौत के मामले में पूर्व में दो की मौत हुई थी। इस मामले में चिकित्सकों ने दोनों मृतकों का बिसरा प्रिजर्व किया है और उसे जांच के लिए एफएसएल बिलासपुर भेजा जाएगा। अब तक पीएम रिपोर्ट में मौत के किसी कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। दूसरा एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## धनशोधन मामले में जांच

# सट्टेबाजी ऐप से 2000 करोड़ की ठगी, कई राज्यों में ईडी के छापे



एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने 'अवैध' सट्टेबाजी ऐप के संचालन से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यों में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि इस ऐप के जरिये लोगों से कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। सूत्रों ने बताया कि 'परीमैच' नाम के ऐप के खिलाफ मामले में मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, जयपुर, मदुरै ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ऐसे की ठगी

जालसाजों ने क्रिप्टो वॉलेट, तमिलनाडु के एक शहर के एक ही इलाके में स्थित एटीएम के माध्यम से नकद निकासी, कम मूल्य के यूपीआई भुगतान आदि के माध्यम से रुपए भेजे। संघीय जांच एजेंसी ने अब तक की छापेमारी में कुछ दस्तावेज, मोबाइल और कंप्यूटर उपकरण बरामद किए हैं।

## स्टाफ कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय

# शाखा प्रबंधक सहित सहकारी बैंक के 29 कर्मचारी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दूषित प्रक्रिया के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में विभिन्न पदों पर भर्ती हुए 29 कर्मचारी मंगलवार को बर्खास्त कर दिए गए। इन सभी कर्मचारियों के संबंध में हाईकोर्ट द्वारा विभागीय कार्यवाही किए जाने संबंधी आदेश दिए गए थे। विभागीय कार्यवाही के अंतर्गत इन सभी कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका था, जिसे कर्मचारियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों की अपील खारिज कर दी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर में हुई स्टाफ कमेटी की बैठक में दूषित प्रक्रिया के अंतर्गत भर्ती किए गए 29 अभ्यर्थीयो को ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इन कर्मचारियों की हुई बर्खास्तगी

बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में चंद्रशेखर कुर्रे शाखा प्रबंधक, अश्वनी चंद्राकर सहायक लेखापाल, संतोष कुमार कौशिक सहायक लेखापाल, दिलीप साहू सहायक लेखापाल, कु. सुमन यादव सहायक लेखापाल, सुनील कुमार साहू पर्यवेक्षक, विजय कुमार सिंह ▶▶|शेष पेज 7 पर

## वोट चोरी के आरोप पर चढ़ा सियासी मुलम्मा

# कांग्रेस का 'लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च' अभियान कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में ए आ ई सी सी महासचिवों, प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा था-'वोट चोरी' विवाद और उससे जुड़े मामलों पर आगे की रणनीति तय करना। बैठक में प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट, केसी वेणुगोपाल, कुमारी शैलजा, भूपेश बघेल समेत सभी महासचिव शामिल रहे, जिन्होंने इस मुद्दा को जन-आंदोलन की रूपरेखा में बदलने पर गहन विचार विमर्श किया। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इंडिया गठबंधन की बैठक

इसी क्रम में, मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक भी हुई, जहां विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर रणनीति बनाई गई। इसमें सोनिया गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, तथा आम आदमी पार्टी के नेता शामिल रहे।




# भ्रामक समाचार प्रसारित कर वित्त मंत्री की छवि धूमिल करने का षड्यंत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एक न्यूज पोर्टल द्वारा भ्रामक और तथ्यहीन समाचार प्रस्तुत कर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने का दुष्प्रयास किया जा रहा है। "13 करोड़ 89 लाख का शाही दफ्तर" तथा "झूमर" जैसे शब्दों का प्रयोग कर षड्यंत्रपूर्वक बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। स्पष्ट किया जाता है कि लगभग सवा वर्ष पूर्व, वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक बजट में लोक निर्माण विभाग की सूची में 1389 लाख रुपए का जो उल्लेख दर्ज था, वह पूर्णतः त्रुटिपूर्ण था। इस संबंध में प्रमुख अभियंता ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जनसुविधा के लिए बनाया कार्यालय

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि कार्यालय निर्माण से पूर्व आगंतुकों को गैरेज एवं खुले में धूप या बरसात में बैठना पड़ता था। अब सभी आगंतुक इस कार्यालय में बैठते हैं, जिसे हजारों लोग देख चुके हैं। यह कार्यालय जनसुविधा के लिए बनाया गया है। "1389 लाख" एवं "झूमर" जैसी भ्रामक और गलत खबर प्रसारित करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के विकल्प पर भी वकीलों से चर्चा की जा रही है।



**बिहार की मिंता देवी का जिक्र कर विपक्ष ने खोला मोर्चा**

चुनाव आयोग पर बोला तीखा हमला

# 'फॉर्म भरते वक्त 34 की, वोटर आईडी में हुई 124 साल की'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार के सीवान जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में हुई लापरवाही ने 34 वर्षीय मिंता देवी को 124 साल की बुजुर्ग बना दिया। विपक्षी दलों ने इसे लेकर चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। सीवान के दुरौंधा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले अरजानीपुर गांव की निवासी मिंता देवी ने हाल ही में पहली बार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। उनके आधार कार्ड के अनुसार, उनकी जन्मतिथि 15 जुलाई 1990 है, यानी उनकी उम्र 34 वर्ष है। लेकिन जब उन्हें वोटर आईडी कार्ड प्राप्त हुआ, तो उसमें उनकी जन्मतिथि 15 जुलाई 1900 दर्ज थी, जिसके मुताबिक उनकी उम्र 124 वर्ष होती है। मिंता देवी के पति धनंजय सिंह ने बातचीत में कहा, 'हमने आधार कार्ड के आधार पर फॉर्म भरा था। वोटर आईडी कार्ड मिलने के बाद हमने उसे बिना खोले रख दिया। जब कुछ दिनों बाद, इसे खोलकर देखा तो हमें इस बड़ी गलती का पता चला।'

### परिवार बोला- कोई अधिकारी वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण के लिए नहीं आया




### चुनाव आयोग कर रहा लापरवाही परिवार ने कहा

मिंता देवी और उनके परिवार का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कोई भी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) या चुनाव आयोग का कर्मचारी उनके घर नहीं आया। मिंता के ससुर तेजप्रताप सिंह ने भी बताया कि उनके गांव में कोई अधिकारी वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण के लिए नहीं आया। उन्होंने मांग की है कि इस गलती को जल्द से जल्द सुधारा जाए। पड़ोसी सुरेश सिंह और मिंता के ससुर के भाई मधुसूदन सिंह ने भी इस मामले में चुनाव आयोग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया।




### विपक्ष ने बनाया मुद्दा, संसद में प्रदर्शन

दिल्ली में संसद भवन के बाहर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने टी-शर्ट पहनकर प्रदर्शन किया, जिस पर मिंता देवी की तस्वीर और उनकी उम्र 124 वर्ष छपी थी। विपक्ष ने इसे चुनाव आयोग की नाकामी करार देते हुए एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। प्रियंका गांधी ने कहा, 'यह गलती नहीं, लापरवाही का नमूना है। अगर एक महिला की उम्र में इतनी बड़ी गड़बड़ी हो सकती है, तो मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर सवाल उठना लाजमी है।'

**प्रक्रिया पर उठ रहे गंभीर सवाल** : चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले युद्धस्तर पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया था। इसका मकसद मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारना और नए मतदाताओं को जोड़ना था। एक महीने तक चली इस प्रक्रिया के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की गई, ताकि लोग अपने नाम और विवरण की जांच कर सकें. लेकिन मिंता देवी का मामला सामने आने के बाद एसआईआर की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### कठघरे में विश्वसनीयता

मिंता देवी और उनके परिवार ने मांग की है कि उनकी वोटर आईडी में उम्र की गलती को तत्काल सुधारा जाए। मिंता के पति धनंजय सिंह ने कहा, 'हम चाहते हैं कि इस गलती को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि हमें और परेशानी न झेलनी पड़े।' विपक्षी दलों का कहना है कि यह मामला न केवल चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि मतदाता सूची की विश्वसनीयता को भी कठघरे में खड़ा करता है। चुनाव आयोग को इस तरह की गलतियों को सुधारने के लिए त्वरित कदम उठाने होंगे, ताकि उस पर मतदाताओं का भरोसा बना रहे।

---

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों के सचिवों को किया निर्देशित

# 'राज्यों को अहम निर्देश- जो कैदी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा करें'

*सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी पाए गए सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश देते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है। पीठ ने कहा, 'इस आदेश की प्रति रजिस्ट्री द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई आरोपी या दोषी सजा की अवधि से अधिक समय तक जेल में तो बंद नहीं है।'

**नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी की रिहाई का दिया आदेश**



### पहले ही रिहा करना था

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश की एक प्रति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भेजने का भी निर्देश दिया ताकि इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधिक सेवा प्राधिकरणों के सभी सदस्य सचिवों को भेजा जा सके और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को इस बारे में सूचित किया जा सके। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यादव को अपनी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था। पीठ ने कहा, '9 मार्च, 2025 के बाद अपीलकर्ता को और अधिक कारावास में नहीं रखा जा सकता। 10 मार्च, 2025 को ही अपीलकर्ता को उसकी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था।'

### दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दी गई थी चुनौती

*सुखदेव यादव की याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे तीन सप्ताह के लिए फर्लो पर रिहा करने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। 3 अक्टूबर, 2016 को, सर्वोच्च न्यायालय ने नीतीश कटारा के अपहरण और हत्या में के लिए विकास यादव और उनके चचेरे भाई विशाल यादव को 25 साल की जेल की सजा सुनाई थी। वहीं सह-दोषी सुखदेव यादव को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। नीतीश कटारा के उत्तर प्रदेश के राजनेता डी.पी. यादव की बेटी भारती से संबंध थे। अलग-अलग जाति से होने के चलते डीपी यादव के परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। इसी लिए भारती के भाइयों विशाल और विकास यादव ने नीतीश कटारा की 16 और 17 फरवरी, 2002 की मध्यरात्रि को एक विवाह समारोह से अपहरण करके हत्या कर थी।*

---

## भारत और चीन के बीच जल्द शुरू होंगी सीधी उड़ान सेवाएं!

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की बढ़ती चुनौती के बीच पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से जारी एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सामान्य बनाने में जुटे भारत और चीन के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि जल्द ही यानी अगले सितंबर महीने की शुरुआत में ही दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो जैसी विमानन क्षेत्र की कंपनियों को छोटी अवधि में चीन के लिए उड़ानों के संचालन के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है।

---

मतदाता सूची विवाद : 13 अगस्त तक दिल्ली पहुंचने का आदेश

# चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को किया तलब

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत को समन जारी कर पांच दागी अधिकारियों को नहीं हटाने पर दिल्ली आकर स्पष्टीकरण देने को कहा है। आयोग ने मंगलवार को कहा कि राज्य के शीर्ष नौकरशाह बुधवार शाम पांच बजे तक निर्वाचन सदन में व्यक्तिगत रूप से पेश हों। चुनाव आयोग ने ये समन तब जारी किया जब पश्चिम बंगाल सरकार ने एक दिन पहले आयोग को पत्र लिखकर कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं' को लेकर अभी अपने अधिकारियों को निलंबित करने का उसका कोई इरादा नहीं है। निर्वाचन आयोग द्वारा चिह्नित




किए गए अधिकारियों को निलंबित करना और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना कठोर होगा तथा बंगाल के अधिकारी समुदाय पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसके बजाय, सरकार ने निर्वाचन आयोग द्वारा चिह्नित पांच अधिकारियों में से दो को फिलहाल सक्रिय चुनाव ड्यूटी से हटाने और मामले की आंतरिक जांच शुरू करने का फैसला किया।

### दो अफसरों को नहीं हटाने पर दिखाई सख्ती

मालूम हो कि आयोग ने पांच अधिकारियों-दो निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) तथा एक अस्थायी डेटा प्रविष्टि ऑपरेटर को हटाने को कहा था। इन पर दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनीपुर जिलों के बरुईपुर पूर्वी और मोयना विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची तैयार करते समय अनियमितताएं बरतने का आरोप है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी
Since-2000
मारुति® मसाज ओइल
झटपट दिलाये आराम
गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल
गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठीयावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना।
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

---

# साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय वैश्विक मामलों पर चर्चा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



ट्रंप के टैरिफ और दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक हालातों के बीच मंगलवार को मध्य-एशियाई देश उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की है। जिसमें दोनों नेताओं ने मुख्य रूप से द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए प्रमुख क्षेत्रों जैसे व्यापार, संपर्क, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और आम-जनता के बीच संबंधों के क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि इस बातचीत के दौरान उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत की जनता को आगामी 79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। दोनों शीर्ष नेताओं की इस वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही दोनों भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने के लिए सहमत हुए। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने भारत और मध्य-एशिया के बीच सदियों पुराने संबंधों को सुदृढ़ बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यहां बता दें कि पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्षों से भी टेलीफोन पर वार्ता की है।

---

सुप्रीम फैसले की आलोचना, चीफ जस्टिस को लिखा फिल्म स्टारों ने पत्र

# आवारा कुत्तों के समर्थन में उतरे जान, जाह्नवी, वरुण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने के आदेश दिए हैं। कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं और रेबीज से होने वाली मौतों की चिंताजनक संख्या को देखते हुए, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को इन जानवरों को शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया था। इस पर बॉलीवुड हस्तियों की तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। जॉन अब्राहम, वरूण धवन, जान्हवी कपूर, वीर दास ने इस आदेश की आलोचना की है और और इसे सभी कुत्तों के लिए मौत की सजा बताया है। अब्राहम ने भारत के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई को एक तत्काल अपील भेजकर दिल्ली के कम्युनिटी डॉग शेल्टर में भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रिव्यू करने का आग्रह किया है।

### सुको का निर्णय विरोधाभासी

जॉन ने लेटर में आगे लिखा, 'दशकों से पशु संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत एक व्यक्ति के रूप में, मैं सम्मानपूर्वक ये बताना चाहता हूं कि ये निर्देश पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम, 2023, जिसे पूर्व में पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 कहा जाता था, और इस मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के अपने निर्णयों के साथ सीधे तौर पर विरोधाभासी है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अहलूवालिया हॉस्पिटल 8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
ओपीडी 50% Off
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130


Reliance
SMART BAZAAR
फुल पैसा वसूल सेल
13th - 17th AUG
13 से 17 अगस्त
का एक ही उसूल सब करेंगे फुल पैसा वसूल
दावत रोज़ाना निकी 40 बासमती 10 kg / क्लासिक कोलम स्टीम चावल 26 kg
स्मार्ट कीमत ₹419/ ₹1029
एमआरपी ₹545 / ₹1800 | बचाइए ₹126 / ₹771
गुड लाईफ बादाम / काजू (W320) 500 g
स्मार्ट कीमत ₹389/ ₹439
एमआरपी ₹620 / ₹725 बचाइए ₹231 / ₹286
खुली तूअर दाल व्हॅल्यू 1 kg / किंग्ज रिफाइन्ड सोयाबीन तेल 750 g
स्मार्ट कीमत ₹99/ ₹109
बाज़ार मूल्य ₹104
एमआरपी ₹140 बचाइए ₹31
BUY ANY 1 GET ANY 1 FREE
बिस्किट्स लार्ज पैक 253 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹160 या उससे अधिक
रेड लेबल लीफ टी 1 kg
कोल्ड ड्रिंक्स और ज्यूसेस 600 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 3 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹40 या उससे अधिक /युनिट
साबुन 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 40% छूट
एमआरपी ₹175 या उससे अधिक
सर्फ 7 kg / टाइड 8 kg डिटर्जेन्ट पाउडर
फ्लैट 40% छूट
एमआरपी ₹985 या उससे अधिक स्मार्ट कीमत ₹591 या उससे अधिक
बचाइए ₹190
एमआरपी ₹560 या उससे अधिक स्मार्ट कीमत ₹370 या उससे अधिक
डेयरी / फ्रोजन और बेकरी (चुनिंदा श्रेणी)
न्यूनतम 25% छूट
एमआरपी ₹25 या उससे अधिक
खुली चीनी (स्मॉल) 1 kg / आशीर्वाद शुद्ध गेहूं का आटा 10 kg
स्मार्ट कीमत ₹43.50
बाज़ार मूल्य ₹50
एमआरपी ₹510
टूथपेस्ट 300 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹212 या उससे अधिक
न्यूनतम 40% छूट
स्टेनलेस स्टील ट्रायप्लाई कुकवेयर कॉम्बो (कढ़ाई 22 cm और फ्रायपैन 24 cm)
एमआरपी ₹3649
स्मार्ट कीमत ₹999
LYF SINGER Surya flame
3 ब्रास बर्नर ग्लास टॉप गैस स्टोव
एमआरपी ₹5290
स्मार्ट कीमत ₹1999
स्मार्ट कीमत ₹3999
2 पीस सेट ट्रॉली
एमआरपी ₹12800
पाइए मुफ्त डफल ट्रॉली बैग
2000+ फैशन स्टाइल्स ₹399 के अंदर
Ask for your Bundle of Savings
Get Offer Coupons Booklet
worth ₹3999 at ₹9*
*On Shopping of ₹299/- & Above
Conditions apply*
*T & C apply.
सब कुछ ₹49 के अंदर
एमआरपी ₹100 या उससे अधिक
मेन्स, वीमेन्स और किड्स वेयर
रायपुर: अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, विधानसभा रोड, मोवा. • मैग्नेटो द मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जीई रोड. • सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, पंडरी. • चंद्रा स्कवेयर, विधानसभा रोड़, मोवा • कलर्स मॉल, पचपेड़ी नाका. बिलासपुर: सिटी मॉल 36, पहली मंजिल, मुन्हेली रोड, मंगला स्क्वेयर • MMIPL कॉम्पलेक्स, दुबई स्वीट्स के सामने, तारबाहर रोड़, टैगोर चौक • रामा मैग्नेटो मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, • स्वर्ण प्लाजा, SECL कॉलोनी के पास, राज किशोर नगर, वसंत विहार चौक, सीपत रोड. • रायगढ़: ग्रैंड मॉल, दूसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर रोड के पास • शाह कॉम्पलेक्स, ट्रैफिक पुलिस ऑफिस के पास, दरोगापारा, गौशाला रोड़ भिलाई: सूर्या ट्रेज़र आइलैंड मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, स्मृति नगर कोरबा: द पाम मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, टी.पी. नगर जगदलपुर: बिनाका हेरिटेज, बिनाका मॉल के पास, चित्रकूट रोड़ अम्बिकापुर: चंडीग्राम प्लाज़ा, खारिसा रोड, अग्रसेन स्क्वेयर.
SMART BAZAAR
ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
10% INSTANT DISCOUNT# SBI card
#Min. Trxn.: ₹3,000; Max. Discount: ₹500 per Trxn. per credit card; Validity: 13 Aug - 17 Aug 2025. T&C Apply.
BAJAJ FINSERV
Get ₹1000 GV on shopping of ₹5000 or more with Bajaj Easy EMI.
T&C Apply.
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। होमवेअर और अपैरल ऑफ़र्स चुनिंदा स्मार्ट बाजार और स्मार्ट सुपरस्टोर पर वैध। बजाज फिनसर्व और कूपन बुकलेट ऑफर्स केवल स्मार्ट बाजार और स्मार्ट सुपरस्टोर में वैध हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 17 अगस्त 2025 तक मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## चिंतन

# उच्च 'डिजिटेक' उद्योग में मजबूत हो रहा भारत

भारत को डेड इकोनॉमी कहे जाने के बीच केंद्र सरकार ने चार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में ताइवान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया व चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करने और प्रतिद्वंद्वी आर्थिक ताकतों को टक्कर देने के लिए भारत तेजी से इस डिजिटल टूल इंडस्ट्री में कदम बढ़ा रहा है। तीन राज्यों ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में चार सेमीकंडक्टर यूनिट लगेंगे, जिस पर 4594 करोड़ रुपये खर्च होंगे। चार प्लांट्स की मंजूरी के साथ अब 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ 10 सेमीकंडक्टर प्लांट्स हो गए हैं। ये प्रोजेक्ट्स भारत सेमीकंडक्टर मिशन योजना के हिस्सा हैं। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग में विकास की अपार संभावनाएं हैं। सरकार की नीतियों, घरेलू मांग, और वैश्विक साझेदारी के साथ, भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की राह पर है। अभी भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर निर्भर है। दूरसंचार, ऑटोमोटिव, डेटा सेंटर्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर की मांग लगातार बढ़ रही है। विश्व में अभी जिस प्रकार से टैरिफ वार का दौर चल रहा है और औद्योगिक कलपुर्जे को ट्रेडकूटनीति का हथियार बनाया जा रहा है, उसमें भारत को उच्च तकनीक वाले हर क्षेत्र में महारत, आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। चीन ने दुर्लभ खनिज का निर्यात भारत को रोक दिया, तो अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2023 में लगभग 38 अरब डॉलर का था और 2030 तक 100-110 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। भारत, अमेरिका और जापान जैसे देशों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी कर रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और स्थानीयकरण को बढ़ावा मिलेगा, पर भारत को ताइवान की विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहिए। भारत में 140 करोड़ से अधिक लोगों की आबादी है, जो सेमीकंडक्टर के लिए एक बड़ा घरेलू बाजार प्रदान करता है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और सेमीकंडक्टर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुशल इंजीनियरों और डिजाइनरों की कमी है। भारत ने वर्ष 2021 में सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले विनिर्माण और डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। भारत के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण का रणनीतिक महत्व है। आगे चलकर उच्च तकनीक वाले उद्योग में सेमीकंक्टर की अहम भूमिका के चलते भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए इस क्षेत्र में मजबूत बनना होगा। आर्थिक विकास को गति देने के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता हासिल करना जरूरी है, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और निर्यात के अवसर खुलेंगे। भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार में 10 फीसदी हिस्सेदारी प्राप्त करना है। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का लगभग 65-70 फीसदी आयात मुख्य रूप से चीन से) करता है। स्थानीय विनिर्माण क्षमता स्थापित करने से इस निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति जिसे उद्योग 4.0 के रूप में भी जाना जाता है, को अपना रहा है जिसमें सेमीकंडक्टर की प्रमुख भूमिका है। देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अग्रणी बनने की क्षमता है।



पांच वर्ष पूरे
प्रणय कुमार

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अभी चुनौतियां बाकी

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन समाप्त करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए।

उनतीस जुलाई 2020 को घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। 1968 में दौलत सिंह कोठारी और 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में बनी नीतियों के बाद यह सबसे बड़ा बदलाव है। इसका मसौदा अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में तैयार हुआ और अभूतपूर्व जनभागीदारी से गुजरा। दो लाख ग्राम पंचायतों, छह हजार ब्लॉकों एवं शहरी निकायों और 676 जिलों से लाखों सुझाव आए। लंबी विचार-प्रक्रिया और गहन विमर्श के बाद यह नीति अपने समय की सबसे व्यापक, संतुलित और दूरदर्शी रूप में सामने आई।

पिछली नीतियां मुख्यतः शिक्षा में समान अवसर और समता पर केंद्रित थीं, लेकिन 2020 की नीति दृष्टिकोण को और गहरा करती है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। अपने देश में विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाना दशकों से चुनौती रहा है। लाखों बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ने को विवश होते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए 2030 तक पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 10 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात और 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत लक्ष्य तय किया। 'निपुण भारत मिशन' के तहत कक्षा 3 तक के बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्याज्ञान कौशल 2025 तक सार्वभौमिक बनाने का संकल्प लिया गया है। इस नीति ने प्राथमिक शिक्षा को रोचक और व्यवहारिक बनाने के लिए 'जादुई पिटारा' जैसी पहलें शुरू कीं। कार्ड, कहानियां, दृश्य-श्रव्य सामग्री के जरिये बच्चों में सीखने की ललक जगाई। यह सामग्री 22 भाषाओं में ई-प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

पहली बार कक्षा 6 से ही व्यावसायिक, तकनीकी और अन्य कौशलों को औपचारिक शिक्षा का अंग बनाया गया है। अटल नवाचार मिशन के तहत 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित हो चुकी हैं, जिन्हें 50,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। डिजिटल संसाधनों का उपयोग इस नीति का मजबूत आधार है। 'पीएम ई-विद्या', 'दीक्षा', 'विद्या समीक्षा केंद्र', 'ई-पाठशाला', 'स्वयं', 'स्वयं प्रभा', 'समर्थ', 'निष्ठा', 'राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय' और 'राष्ट्रीय शैक्षिक भंडार' जैसे मंचों ने गुणवत्ता-युक्त सामग्री गांवों-कस्बों तक पहुंचा दी है। शिक्षकों के प्रशिक्षण और पेशेवर विकास पर भी विशेष बल है। 'राष्ट्रीय पेशेवर मानक' (एनपीएसटी) ने शिक्षक की भूमिका को केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व-निर्माता के रूप में सशक्त किया है। नीति का मातृभाषा-केंद्रित दृष्टिकोण उल्लेखनीय है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए, भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, कला और संस्कृति को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। एनसीईआरटी ने 117 भाषाओं में मातृभाषा और बहुभाषा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव घटाने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025-26 से कक्षा 10 की बोर्ड



परीक्षा वर्ष में दो बार देने का विकल्प दिया है। 'परख' नामक समग्र रिपोर्ट कार्ड में अब केवल अंक नहीं, बल्कि नैतिकता, रचनात्मकता, सहयोग और संवेदनशीलता का भी मूल्यांकन होगा। दशकों पुरानी 10+2 प्रणाली को बदलकर 5+3+3+4 की नई संरचना लागू हुई है।

कक्षा नर्सरी से 2 तक फॉउंडेशनल चरण, 3 से 5 तक प्रीपरेटरी चरण, 6 से 8 तक मिडिल तथा 9 से 12 तक सेकंडरी चरण में स्कूली शिक्षा को बांटा गया है। विद्यालयी से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाई, पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप एवं कौशल के आधार पर क्रेडिट अंक दिए जाते हैं। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर भी विद्यार्थियों के खाते में ये क्रेडिसियल बने रहेंगे और बाद में पढ़ाई पुनः आरंभ कर उन्हें बढ़ाया भी जा सकता है। इसी क्रम में चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम में कभी भी प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) और कभी भी निकास (मल्टीपल एग्जिट) की सुविधा दी गई है, जिससे विद्यार्थियों का समय, धन और परिश्रम व्यर्थ न जाए। एक वर्ष की पढ़ाई पर प्रमाणपत्र, दो वर्ष पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पर ऑनर्स और चार वर्ष पर ऑनर्स विद रिसर्च की डिग्री प्राप्त होगी। शोध एवं अनुसंधान में रुचि रखने वाले विद्यार्थी सीधे चार वर्षीय स्नातक के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा तथा स्टेम शिक्षा में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना (पीएमआरएफ) प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं में अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अंतर्विषयक और बहुविषयक पढ़ाई को प्रोत्साहन दिया गया है। किसी भी संकाय का पात्र उम्मीदवार उच्च शिक्षा में कोई भी विषय लेकर पढ़ाई कर सकता है। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं।

भारत के प्रतिष्ठित संस्थान विदेशों में परिसर खोल रहे हैं और विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों के भारत आने से विद्यार्थियों को देश में रहकर ही वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, विश्वविद्यालयों के मध्य परिणाम व कार्य-संस्कृति को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा तथा विदेश जाने की आवश्यकता एवं आर्थिक भार दोनों कम होंगे। यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दृष्टि और ऊर्जा का संचार किया है। संरचनात्मक बदलाव लागू हो चुके हैं, नई पुस्तकें और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तैयार हैं, और नामांकन के साथ-साथ सीखने के परिणामों में भी सकारात्मक सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा के नामांकन में भी आशातीत सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा में 2014-15 में जहां 3.4 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत थे, वहीं 2022-23 के आंकड़े के अनुसार 4.46 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत हैं। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन को समाप्त करना, ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना सुदृढ़ करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए। वास्तव में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 केवल शिक्षा सुधार का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत को ज्ञान-आधारित, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने का विस्तृत खाका है।

(लेखक शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## वोकल फॉर लोकल
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्वदेशी सामानों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत

बीते दिनों अमेरिका ने भारत समेत 70 देशों के निर्यात पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। हमारे यहां भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा जारी है। सुखद है कि इन दिनों स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का रुख भी मुखर है। ध्यातव्य है कि इन्हीं दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने भी देशवासियों से 'स्वदेशी का संकल्प' लेने और 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि 'भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, तो देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करना ही होगा। आर्थिक विकास की यह यात्रा तब तक अधूरी है, जब तक देश का हर नागरिक, हर व्यापारी और हर नेता 'लोकल फॉर वोकल' के मंत्र को आत्मसात नहीं करता।' विचारणीय है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद का केवल आर्थिक पक्ष नहीं है। देश में बने सामान को प्राथमिकता देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने से भी जुड़ा है। अधिकतर परंपरागत उत्पाद भारत के किसी न किसी हिस्से की सांस्कृतिक थाती का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने देश में बने सामान बहुत सी परंपरागत कलाओं को सहेजते हैं। स्थानीय उत्पादों की खपत स्थानीय उद्योगों के विकास को भी बल देती है। इनका उपयोग सीधे-सीधे हमारे हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है। दूर-दराज के क्षेत्रों में बसे लोगों को भी रोजगार मिलता है। एक अकेले हथकरघा उद्योग से ही देश में 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग हर नागरिक को अपने आंगन से और गहराई से जोड़ता है। श्रमशील कारीगरों की मेहनत के प्रति आमजन में मान करने का भाव जगाता है। इसी पहलू को संबोधित करते हुए पीएम भी जागरूक उपभोक्ता बनने का आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि हम जो भी खरीदें, हमें खुद से पूछना चाहिए, क्या इसे बनाने में किसी भारतीय ने मेहनत की है? अगर यह हमारे लोगों के पसीने से, उनके कौशल से बना है, तो यह उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। समझना कठिन नहीं कि आर्थिक बेहतरी से जुड़ा यह पक्ष हर मोर्चे पर हमारी सांस्कृतिक विरासत के रंगों को पोसने वाला भी है। भारत में आज़ादी के संग्राम से समय से स्वदेशी सामानों की खरीद की वकालत की जाती रही है। बीते कुछ बरसों से चल रही 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम ने देश में बने उत्पादों को लेकर लोगों को जागरूक भी किया है। नागरिकों में एक दायित्व बोध के भाव को बल दिया है। दशक भर पहले देश में खादी उत्पादों की बिक्री 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम हुआ करती थी। हालिया आंकड़ों के अनुसार यह सवा लाख करोड़ रुपये के करीब है। आमजन की सजगता का ही परिणाम है कि देश में परंपरागत खिलौनों की खरीद भी बढ़ी है। विदेशी खिलौनों की खरीद करीब 70 प्रतिशत घटी है। नई पीढ़ी जीवन के पहले ही पड़ाव मिट्टी, लकड़ी और कपड़े के खिलौनों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो रही है। असल में वोकल फॉर लोकल के अभियान से न केवल स्वदेशी सामानों की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि तकनीक के चलते बहुत से शिल्पकार स्थानीय बाजार के अलावा ऑनलाइन बाजार में भी सामान उपलब्ध करवा रहे हैं। भारत ही नहीं विदेश में बसे उपभोक्ता भी देश के हर हिस्से की कलात्मक चीजें खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि स्वदेशी उत्पादों में परंपरा के रंग ही नहीं नवाचार की रौनक भी जुड़ गई है। परंपरागत व्यवसाय की संस्कृति वाले हमारे देश में यह स्थिति रोजगार, कला, श्रम के सम्मान और सामाजिक-आर्थिक समानता से जुड़े हर पक्ष पर परिवर्तन लाने वाली है। निस्संदेह, स्वदेशी वस्तुओं को भी अपनाने का आह्वान अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत के लिए संजीवनी के समान है। 140 करोड़ आबादी वाले हमारे देश में स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता देना बड़ा बदलाव ला सकता है। भारतीय उपभोक्ताओं की सजगता और समझ देश को इस बाजार आधारित परावलंबन से आजादी दिला सकती है। भारत के उत्पाद, सेवाएं व विशेष ब्राण्ड का क्रय करना हर तरह की कला और सांस्कृतिक जीवन के संवर्द्धन से जुड़ा है। ऐसे में भारत में बने सामानों की खरीद किसी क्षेत्र में विशेष में कौशल रखने वाले कारीगरों के श्रम को सम्मान देने और अनमोल विरासत को बचाने वाला कदम भी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।


# मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
## प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृत्तांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिलावट : मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। - प्रकाश जैन, धमतरी

## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर निर्माण



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी है, जिसके लिए 4,600 करोड़ रुपये का निवेश स्वीकृत किया गया है। भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### राहुल के झूठ का मकसद



काफी समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर है, तो राहुल गांधी झूठ बोलकर, जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं..' राहुल के हर झूठ का मकसद क्या है, ये जनता बखूबी जान चुकी है!
-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद

### साम्प्रदायिक तनाव रोकें



यू.पी. के जिला फतेहपुर में मकबरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देना चाहिये जिससे वहाँ साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाये तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। ज़रूरत पड़ने पर सख्त कदम भी उठाएं।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### अधिकार की लड़ाई



आज जब हम चुनाव आयोग से मिलने जा रहे थे, गठबंधन के सभी सांसदों को रोका गया और हिरासत में लिया गया। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं - यह लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# न्यूयॉर्क के नृत्य महोत्सव में 15 अगस्त को मनेगा इंडिया डे



न्यूयॉर्क शहर के सबसे लंबे समय से जारी सार्वजनिक नृत्य महोत्सव में इस साल 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसका केंद्र बिंदु होगा 'शक्ति', यानी स्त्रीत्व की दिव्य ऊर्जा। दुनिया भर के विभिन्न नृत्य दलों को एक मंच पर लाने वाला 44वां वार्षिक 'बैटरी डांस फेस्टिवल' 12 अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को महोत्सव में 'इंडिया डे' का आयोजन होगा। इसमें 'शक्ति- दिव्य ऊर्जा' नामक एक कार्यक्रम पेश किया जाएगा, जिसमें वैश्विक कलाकार नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्त्रीत्व के सार और रचनात्मकता का सम्मान देंगे। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निदेशक जोनाथन हॉलैंडर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'पिछले दो वर्षों में हमने 'पुरुष' यानी पुरुष नर्तकों पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया था और इस साल हमने इसे बदलते हुए 'शक्ति, दिव्य ऊर्जा' पर विशेष जोर दिया है।' 'इंडिया डे' कार्यक्रम को न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और भारतीय स्टेट बैंक, न्यूयॉर्क की ओर से अनुदान के माध्यम से सहयोग प्राप्त है।

## ऑफ बीट

# ओजेम्पिक दवा से नेत्र रोग का जोखिम बढ़ सकता है

'ओजेम्पिक', 'वेगोवी' और 'मौंजारो' जैसी दवाओं ने दुनिया भर में चिकित्सकों द्वारा मधुमेह और मोटापे के प्रबंधन के तरीके को बदलकर रख दिया है। इन दवाओं को सेमाग्लूटाइड और टिरज़ेपेटाइड के नाम से भी जाना जाता है। ये दवाएं हमारे शरीर में जीएलपी-1 हार्मोन के प्रभाव की तरह ही काम करती हैं। ये दवाएं भूख और भोजन की इच्छा, दोनों को सीमित करती हैं, जिससे लोगों को वजन कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हालांकि आज (मंगलवार को) प्रकाशित दो नए अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि इन दवाओं को इस्तेमाल करने वाले लोगों में गंभीर नेत्र रोगों और दृष्टि हानि का



जोखिम थोड़ा बढ़ सकता है। अगर आप ये दवाएं ले रहे हैं या लेने पर विचार कर रहे हैं, तो आपके लिए यह जानना आवश्यक है। 'नॉन-आर्टेरिटिक एंटीरियर इस्केमिक ऑप्टिक न्यूरोपैथी' (एनएआईओएन) एक असामान्य, लेकिन गंभीर नेत्र रोग है और यह तब होता है, जब ऑप्टिक तंत्रिका में रक्त का प्रवाह अचानक कम हो जाता है या अवरुद्ध हो जाता है। इसे 'नेत्र आघात' भी कहते हैं। इस दुर्लभ बीमारी 'एनएआईओएन' का सटीक कारण अब तक स्पष्ट नहीं है और वर्तमान में इसका उपचार भी उपलब्ध नहीं है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# गलत इंजेक्शन लगाने से 12 साल के मासूम की मौत, आरोपी झोलाछाप डॉक्टर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद



पुलिस थाना कुरुद अंतर्गत एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से 12 साल के एक मासूम की मौत हो गई । इसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस से की है। पुलिस पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच में जुटी है। वहीं आरोपी झोलाछाप डॉक्टर घटना के बाद से फरार है।

■ पुलिस आगे की जांच में जुटी

रविवार को मामले की शिकायत लेकर कुरुद थाना पहुंचे डांडेसरा निवासी रेवाराम साहू ने बताया कि वायरल फीवर से पीड़ित 12 साल के बेटे को नगर के मुख्य मार्ग में स्थित अशोक मेडिकल स्टोर में लेकर गया था। जहां संचालक अशोक शर्मा ने बेटे नीरज साहू को इलाज के नाम पर इंजेक्शन लगाया। दस मिनट में ही बच्चे के मुंह से झाग निकलने लगा व पैंट में ही शौच कर डाला और वह अचेत होकर वहीं गिर पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख अशोक शर्मा ने ही उसे बाइक से सिविल अस्पताल कुरूद पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया।

### आरोपी डॉक्टर के खिलाफ जांच जारी : सीएमएचओ

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार की सख्त कार्रवाई और निर्देश के बाद भी ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध करोबार लगातार जारी है। जबकि झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज के चलते कई लोगों को जान गंवानी पड़ी है। इस बारे में धमतरी सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि कुरूद एसडीओपी ने घटना की जानकारी दी है जिसमें परिजनों ने आरोप लगाया कि गलत इलाज से बच्चे की संदिग्ध मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच कर रहा है।

### जांच उपरांत होगी गिरफ्तारी : एसडीओपी

एसडीओपी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अशोक शर्मा पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। पहले परिजन पोस्टमार्टम कराने से मना कर रहे थे। समझाने पर वे राजी हुए। पोस्टमार्टम एवं बिसरा रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। हम उनकी डिग्रियों की जांच भी जांच करा रहे हैं।

## हादसों का मंगलवार: युवकों की लापरवाही और तेजरफ्तार के चलते गई जान

# नाले में गिरी मोटर साइकिल दो युवकों की मौत, गांव में शोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम लोखान के पास मंगलवार को दोपहर एक तेज रफ्तार मोटर सायकल के नाले में गिर जाने से दो ग्रामीण युवकों की गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम भेलकी निवासी गंगू पिता जयसिंह गोड़ अपने साथ रामधारी पिता भंगी जाति पनिका के साथ अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 ईएच 7717 से पंडरिया की तरफ जा रहा था। बताया जाता है कि दोनों युवक महुआ शराब के नशे में धुत्त थे और मोटर सायकल चालक काफी तेजरफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। इसी दौरान बजाग-पंडरिया राजकीय मार्ग में ग्राम लोखान के पास मोड़ में स्थित पुलिया पर मोटर सायकल चालक की मोटर सायकल असंतुलिक हो गई और सीधे नाले में जा गिरी। नाले में पानी कम होने और यहां मौजूद पत्थरों के ऊपर युवकों के गिरने से उन्हें गंभीर चोटे आई है जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।



### ग्राम लोखान के पास खतरनाक मोड़, हो चुके है कई हादसे

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम लोखान के पास बेहद खतरनाक मोड़ है और इसी मोड़ में नाले में बनी पुलिया भी है। इस स्थिति में अगर वाहन चालकों द्वारा जरा भी लापरवाही बरती जाती है तो वे निश्चित ही दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया से पहले भी कई बार लोग वाहन सहित नाले में गिर चुके हैं। यही वजह है कि लोगों ने सुरक्षा की दृष्टि से मोड़ के तरफ वाले हिस्से में पुलिया के किनारे मिट्टी की करीब चार फीट ऊंची दीवार खड़ी कर रखी है। ताकि लोग दुर्घटना से बच सकें। लेकिन बताया जाता है कि इन युवकों की तेजरफ्तार मोटर सायकल इस मिट्टी की दीवार को फांदकर नाले में जा गिरी और उनकी मौत हो गई।

## तेज रफ्तार ट्रक ने मवेशियों के झुंड को रौंदा, सड़क पर फैला खून

**कवर्धा।** जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 जबलपुर-रायपुर मार्ग में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां ग्राम चोरभट्टी के पास एक ट्रक के चालक ने तेजरफ्तार तथा लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए सड़क पार कर रहे पालतू मवेशियों के झुंड को रौंद दिया। बताया जाता है कि इस भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए नौ मवेशियों में से तीन मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि आधा दर्जन मवेशी घायल बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इसे ट्रक चालक की घोरलारवाही तथा क्रूरता ही कहें की सड़क हादेसे के बाद ट्रक में फंसे तीन मवेशियों को चालक करीब 50 मीटर तक सड़क में घंसीटते ले गया और जब ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया तब कहीं जाकर ट्रक को रोका गया। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची बोड़ला पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जप्त कर लिया है।

## ट्रैक्टर और बाइक में हुई भीषण टक्कर में एक की मौत एक घायल

**महासमुंद।** सांकरा के पास मंगलवार को ट्रैक्टर और बाइक में हुई भीषण टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो जाने का मामला सामने आया है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान परसराम साहू (शिक्षक) के रूप में हुई है, जो कछारडीह (झलप) निवासी थे और वर्तमान में रवान स्कूल, बलौदाबाजार में पदस्थ थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक में दो व्यक्ति सवार थे। घटना के बाद घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या : **RDSpl/SAHIBGANJ/06/2025-26**

| क्र0/ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of R & R Colony at Banskola, Block-Taljhari, Sahibganj (Part-1) | 4,58,23,000/- | 10,000/- | 9,17,000/- | 12 माह |
| 2 | Construction of R & R Colony at Banskola, Block-Taljhari, Sahibganj (Part-2) | 4,58,23,000/- | 10,000/- | 9,17,000/- | 12 माह |
| 3 | Construction of R & R Colony at Banskola, Block-Taljhari, Sahibganj (Part-3) | 4,58,23,000/- | 10,000/- | 9,17,000/- | 12 माह |
| 4 | Construction of R & R Colony at Banskola, Block-Taljhari, Sahibganj (Part-4) | 4,58,23,000/- | 10,000/- | 9,17,000/- | 12 माह |
| 5 | Construction of R & R Colony at Banskola, Block-Taljhari, Sahibganj (Part-5) | 3,76,74,000/- | 10,000/- | 7,54,000/- | 12 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 18.08.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 18.08.2025 से दिनांक 08.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10.09.2025 को 2.00PM बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। निविदा शुल्क की राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
6. प्राक्कलित राशि एवं तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है।

नोट : विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
साहेबगंज।

PR 359426 (Rural Development) 25-26 (D)

# बुजुर्ग की हत्या, घर में मिली खून से लथपथ शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार / अमेरा



जिले के पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम अमेरा में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के 55 वर्षीय पुरुषोत्तम यादव, जो सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे, की उनके ही घर में हत्या कर दी गई। घटना का पता तब चला जब उनकी पोती स्कूल से लंच ब्रेक में घर लौटी और खून से लथपथ अपने दादा को जमीन पर पड़ा देखा।

■ पुलिस ने शुरू की जांच, हत्या की वजह अज्ञात

मंगलवार करीब 12 बजे पोती राधिका घर पहुंची। दरवाजा खुला था और अंदर कदम रखते ही उसने देखा कि दादा खून से लथपथ पड़े हैं, आसपास खून फैला है। घबराई राधिका सीधे पड़ोसियों के पास भागी और घटना की जानकारी दी। बाद में उसने अपने परिजनों को भी सूचना दी। पुलिस लूट, पुरानी रंजिश और हमलावर के परिवार की दिनचर्या की जानकारी होने जैसे सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का स्वभाव सरल था और उनकी किसी से दुश्मनी नहीं थी।

**गांव में दहशत:** घटना के बाद पूरे ग्राम अमेरा में डर और सन्नाटा है। डीएसपी निधि नाग ने बताया कि फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम के बाद मौत का सही कारण व समय स्पष्ट होगा। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है।

**तालाब में नहाने गए बुजुर्ग की डूबने से मौत : बालोद।** गांव के तालाब में नहाने गए एक बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जिसके बाद आस पास के लोगों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम खर्रा निवासी दुलरवा निशाद पिता पुरूशोत्तम निशाद 70 वर्ष सुबह नहाने के लिए ग्राम के तालाब मे गया हुआ था।

## फ्री फायर गेम खेलते समय दो नाबालिग में खूनी झड़प

**गुरूर।** रात का खाना खाने के बाद ग्राम के चौक मे समूह बनाकर फ्री फायर गेम खेल रहे दोस्तो मे खूनी झड़प हो गई। जहां एक नाबालिक युवक ने दूसरे नाबालिक पर चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद चाकू से हमला करन वाले अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही धायल युवक का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला गुरूर अंतर्गत कंवर चौकी के एक ग्राम का बताया जा रहा है, जहां रात का खाना खाने के बाद बालक चौक में एकत्रित होकर प्रतिदिन ही तरह फ्री फायर का गेम खेल रहे थे, देर रात फ्री फायर गेम खेलते समय दो नाबालिग में वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

## इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली)**

ई–निविदा सं. : IRCON/2059/CGRP/e-TENDER/225-26/URGA-DRMJ/EL-01 दिनांक: 11.08.2025

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से आवश्यक पात्रता पूर्ण करने वाले निविदादाताओं से "साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में नई बीजी विद्युतीकृत छत्तीसगढ़ ईस्ट रेल कॉरीडोर फेज–II के संबंध में 2x25 केवी, 50 एचजैड, सिंगल फेज, ओएचई ट्रैक्शन सिस्टम, स्विचिंग पोस्ट्स, स्काडा का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग तथा उरगा–धरमजयगढ़ के सहायक कार्य" के कार्य हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1,14,46,89,276/– जीएसटी सहित |
| निविदा जमा करना प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 को 09:00 बजे |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.09.2025 को 15:00 बजे |

अधिक जानकारी हेतु, कृपया वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर होस्ट किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक/विद्युत, सी–4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली–110017

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा (छ.ग.)

E.Mail ID- dpm.sukma@gmail.com / Fax no - 07864-284278

क्रमांक/ 2201 /मु.चि.अ./एन.एच.एम / 2025

सुकमा, दिनांक 08/08/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला सुकमा अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के तहत चिरायु दलों द्वारा आंगनबाड़ी एवं शालाओ में छात्र - छात्राओ के परीक्षण हेतु भ्रमण कार्य किया जाता है, उक्त कार्य में किराये पर लेने हेतु चार पहिया वाहन (Scorpio/ Bolero / Sumo/ Other) की व्यवस्था के लिए निविदा प्रक्रिया किया जाना है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में अपने फर्म के लेटर पेड में आवेदन प्रस्तुत कर कार्यालयीन समय में रूपये 1000.00 (एक हजार रूपये मात्र) डी. डी. के माध्यम से (District Health Society, Sukma) दिनाँक 08/08/2025 से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि: 22/08/2025 समय-सायं 5:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 09/09/2025 समय-दोपहर 3:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि : 09/09/2025 समय-सायं 5:00 बजे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – सुकमा (छ.ग.)

S-44884/1

## जिला परिषद कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि PR 359345 Panchayat Raj (25-26)D के माध्यम से प्रकाशित अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – ESZP/JSR/Epro-09/2025–26 में संशोधन निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | – | 08.08.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| 2. | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | – | 22.08.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 25.08.2025 को अपराह्न 05:00 बजे। |

नोट – अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, पूर्वी सिंहभूम,
जमशेदपुर

PR 359439 Panchayati Raj(25-26).D

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.173473 /निविदा सूचना क्र. 02/वलेलि/2025-26,

छुईखदान दिनांक 11.08.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 01.09.2025 17:30 तक लम्प - सम निविदा फार्म - एफ से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| | खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई जिले के विकासखंड खैरागढ़ के अंतर्गत लमती फीडर लघु जलाशय योजना के मुख्य बांध का 990 मी. लंबाई में ( अनुमानित) मिट्टी बांध का डिजाइन, ड्राईंग एवं निर्माण, स्पीलवे लंबाई 167 मी. (अनुमानित), स्पील चैनल लंबाई 1050 मी. (अनुमानित) से संबंधित सभी निर्माण कार्य, 01 नग हेड स्लूस डबल गेट के साथ, फीडर नहर के निर्माण से संबंधित सभी कार्य, पुर्नबसाहट कार्य (बिल्डिंग कार्य इत्यादि) तथा रोड कार्य का निर्माण, बंड - लाईन में ड्रीलिंग के साथ मिट्टी स्ट्रेटा का अन्वेषण, डुबान क्षेत्र, बंड लाईन एवं स्पीलवे के साथ स्पील चैनल एवं नहर कार्य का भू-अर्जन प्रकरण तैयार करना एवं कम्पलायंस कराना, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली से वनभूमि प्रकरण एवं पर्यावरण क्लीयरेन्स कराना और सभी प्रकार के अन्य संबंधित कार्य, बांध कार्य पूर्ण होने के पश्चात पांच साल वर्षाऋतु तक पूरे कार्यो का संचालन एवं मरम्मत का कार्य । | रू. 13722.98 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.08.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः 1. निविदा में भाग लेन हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान, जिला – खैरागढ़ – छुईखदान – गण्डई (छ. ग.) कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-252602762/2

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**-:: ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना ::-** दिनांक :- 11.08.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.09.2025 तक है।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 154 Tender no. 173533 | जिला धमतरी के उपसंभाग कुरुद अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य । | रू. 50.00 लाख |
| NIT NO. 155 Tender no. 173534 | जिला धमतरी के उपसंभाग कुरुद अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य । | रू. 30.00 लाख |
| NIT NO. 156 Tender no. 173535 | जिला धमतरी, ब्लॉक मगरलोड में ग्राम पंचायत राकाडीह के मधुबन धाम में कंवर समाज भवन का निर्माण कार्य । | रू. 43.53 लाख |
| NIT NO. 157 Tender no. 173536 | जिला धमतरी के उपसंभाग कुरुद अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | रू. 50.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। **(राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें। )** निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें ।

Credible Chhattisgarh

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि रायपुर मण्डल क्रं.-2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

G -252602773/3






# भोपाल राव पवार के योगदान ल नी भुलाए जा सकय

**सुरता**

**पुनूराम ' राज '**

धमतरी निवासी भोपाल राव पवार के जनम ह 16 मई सन 1905 में होय रिहिस। प्राइमरी अऊ मिडिल स्कूल के पढ़ई पूरा करे के बाद सन 1920-21 में पवार जी ह बिहार विद्यापीठ ले मैट्रिक परीक्षा पास करिस। आगू के पढ़ई खातिर कलकत्ता चल दिन। उन्हें एक जगा अधिवेशन में असहयोग आंदोलन के बारे में प्रस्ताव खातिर चर्चा होत रिहिस हे। इहि में संयोग से पवार जी घलव शामिल होगे रहिन। ये बैठक ला महात्मा गांधी सम्बोधित करत रिहिन। महात्मा गांधी के भाषण ल सुने के बाद पवार जी बड़ प्रभावित होईन। तहाने देस भक्ति के भावना पवार जी में उमड़े लगीस। वोह सोचिस कि अंग्रेज मन के सरकारी स्कूल में पढ़ई करना हम हिंदुस्तानी मन बर हीनमान के बात हे। अईसन सोच के वोह अपन पढ़ई ल छोड़ के घर लहुट गे। ऊही बछर यानि 1920 में महात्मा गांधी जी ह छत्तीसगढ़ के दौरा म धमतरी निवासी छोटे लाल श्रीवास्तव घर अइन। खबर पा पहली ले पवार जी ह छोटे लाल घर चल दे रिहिन। महात्मा गांधी जब घर में आइन त पवार जी के ऊंच पुर शरीर ल देख के दंग रहीगे। गांधी जी ल बोले के पहली ले पवार जी ह देश भक्ति के अपन भावना ल रख दिन। गांधी जी ये कर ले बड़ प्रभावित होइस। येकर बात आजादी के लड़ई म कूद गिन।



सन 1930 म पवार जी ह रुद्री के जंगल सत्याग्रह के अगुवाई करिन। उही बेरा अंग्रेज मन ये क्षेत्र के एक झन वीर सपूत मीघु कुमार के गोली मार के हत्या कर दिन। संगे संग पवार जी ल जेल में बंद कर दिन। सन 1940 में फेर सत्याग्रह ल पवार जी शुरू करीन। येला देख के अंग्रेज मन वोकर ले तीन सौ रुपिया जुर्माना ले लिन। अतका भर नहीं नजरबंद कर लिन। सन 1942 में धमतरी क्षेत्र ले सुराजी लड़ई म पवार जी अगुवाई करिन। येकर सेती अंग्रेज मन छ महीना के सजा सुना के जेल में बंद कर दिन। एकर बाद पवार जी ह 9 बछर तक दुर्ग जिला बोर्ड के सदस्य रीहिन। सुराज मिले के बाद सन 1948 से ले के सन 1967 तक पवार जी ह धमतरी जनपद अध्यक्ष रीहिन। एकर संगे संग 1952 से ले के 1962 तक कुरूद विधान सभा क्षेत्र के विधायक रिहीन। येकर बाद 1967 ले 1972 तक पवार जी म प्र शासन में शिक्षा मंत्री रिहीन। 1985 म पवार जी ल जिला योजना मंडल के अध्यक्ष बनाय गीस। छत्तीसगढ़ के राजनीतिक संग सामाजिक सेवा करत 27 मार्च सन 1988 में अपन परान ल तियाग दिस। आऊ क्षेत्र के जनता मन बर एक ठन बने सुरता ल छोड़ दिन।

**लोक साहित्य**

**डा. हीरालाल**

## बस्तर की शबर जाति की बोली




बस्तर जिले में निवास करने वाली की शबर जाति की यह बोली है। इसके बोलने वालों की संख्या कम है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से शबर आग्नेय परिवार की मुंडा शाखा की एक विस्मृत प्राय बोली है। हॉर्नली ने छत्तीसगढ़ के प्राचीन भाग की एक महत्वपूर्ण बोली के रूप में उसे मान्यता दी गई है तथा प. लोचन प्रसाद पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ी भाषा की संरचना में उसके प्रभाव को रेखांकित किया है। मुंडा वर्ग की अन्य बोलियों में चिक और नगेशिया का भी छत्तीसगढ़ में प्रचलन है। किन्तु यह अधिक प्रभावी नहीं है। यह अवशिष्ट बोलियां सरगुजा और जशपुर जिले में जहां इन जातियों का निवास है बोली जाती हैं। कहीं कहीं पश्चिमोत्तर छत्तीसगढ़ में जहां ' हो ' बोली का भी व्यवहार होता है। कुल मिलाकर निषाद वर्ग की बोलियां, यद्यपि अभी जातीय व्यवहारों में प्रचलित है तथापि यह अपना अस्तित्व खोती जा रही है और बहु प्रचलित छत्तीसगढ़ी या उसके किसी रूप के साथ सम्मिश्रण होकर विलुप्त होती जा रही है। मुंडा भाषाएं सामान्यतः प्रत्यय एवं उपचय प्रधान होती हैं, जिनकी तुलना तुर्की भाषा से की जाती है। इनके पदान्तों में व्यंजनों का उच्चारण श्रुतिहीन होता है तथा मुंडा भाषाओं के संज्ञा पदों में स्त्रीलिंग एवं पुलिंग का विधान होता है। समस्त सजीव संज्ञा पदों के लिए पुल्लिंग तथा निर्जीव पदार्थों के लिए स्त्रीलिंग का मान होता है। इनमें प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं की तरह तीन वचन होते हैं और क्रिया पदों में ' पर ' प्रत्यय नहीं होते, इनमें अंतः प्रत्यय लगाए जाते हैं।

**जन जागरण**

**डा. अरविन्द शर्मा**

## बंग भंग और छत्तीसगढ़



बंगाल में राष्ट्रीयता की उठती तरंगों से चिढ़कर राष्ट्रीय आंदोलन को कमजोर करने के लिए लॉर्ड कर्ज़न ने बंगाल विभाजन की योजना तैयार की थी, जिसके मुताबिक उत्तर पूर्व बंगाल को बंगाल से अलग कर दो भागों में बांटने की योजना बनाई थी, इसे गुप्त रखने की तमाम शासकीय प्रयासों में असफलता मिली। 6 जुलाई 1906 को इस योजना को कलकत्ता के समाचार पत्रों ने छाप दिया। 7 जुलाई को सरकार द्वारा शिमला में बंगाल विभाजन की घोषणा करनी पड़ी। 16 अक्टूबर 1906 से यह लागू की गई। प्रकाशनार्थ इस योजना को 19 जुलाई को प्रसारित कर 20 जुलाई को छापा गया था। वस्तुतः 1903 में कांग्रेस को जब इस योजना की भनक लगी, तभी से प्रति वर्ष कांग्रेस अधिवेशनों में इसे वापस लेने की मांग की थी। बंगाल विभाजन ने जन असंतोष की अग्नि में घी की आहुति का कार्य किया। पूरे देश में जुलाई माह में 500 सभाएं हुई थीं। 17 जुलाई 1805 को 70000 लोगों द्वारा एक ज्ञापन भारत सचिव को भेज कर इसे वापस लेने की मांग की गई थी। छत्तीसगढ़ में बंग भंग का विरोध हुआ। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में जन मानस तैयार करने जगह जगह सभाएं आयोजित हुई। जागरण एवं राजनीतिक शिक्षा तथा बंग भंग के प्रति कांग्रेस के दृष्टिकोण के प्रसार प्रचार के लिए ताराचंद नाम के युवक ने अन्य युवकों के साथ जत्थे में जिनकी रचनाओं ने इस समय जो उत्साह जागृत किया वह 1947 तक आंदोलन काल में गाया जाता रहा -

*उठो उठो ये भारत वीरों, ऋषियों की प्यारी संतान।*
*स्वतंत्रता के महासागर में हो जाओ, सहर्ष बलिदान।*

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भितिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

**परम्परा**

**आशा ध्रुव**



# वर्षा ऋतु में संजोरी बिंदरी पूजा

वर्षा ऋतु में होने वाला आदिवासी समुदाय में किया जाने वाला संजोरी बिंदरी पूजा महत्वपूर्ण होता है। वर्षा प्रारंभ होने पर खेत खलिहानों में अनाज की बोवाई के समय यह पूजा की जाती है। खासकर ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा या सुविधानुसार अमावस्या के दिन यह पूजा की जाती है। गांव के पूर्व दिशा में जहां खिला मुठवा, कुंवारा भीमलपेन, माता दाई, पंडरी पुगार आदि देवताओं का ठाना होता है, उस स्थान पर सभी ग्रामवासी पूजा पाठ करते हैं। सभी ग्रामवासी आपसी सहयोग से पूजा पाठ की सामग्री एक दिन पूर्व ही एकत्र कर लेते हैं। पूजा के दिन सभी पूजन सामग्री के साथ नारियल, बेल पत्र, हल्दी तथा पूजन सामग्री पूजा स्थल पर एकत्र कर लेते हैं। इसके बाद गांव की सीमा के अंदर कोडो पेन, सी डी पेन, दूल्ही पेन, नाग पेन, येर पेन, मटिया पेन, भूरा भगत, जाटवा, एल्मी पेन, दैतूर पेन, भीमल, जैसे अनेक देवी देवताओं को आमंत्रित कर विधि विधान से पूजा पाठ कर लौट आते हैं।



गांव से एकत्र किए अनाज को कुछ रख कर सभी को पकाया जाता है। खिला मुठवा और पुंगार देवी के सामने एक छोटा सा गड्ढा खोदकर उसे कोठी का रूप दिया जाता है। उस कोठी में अनाज भर कर पूजा की जाती है। उसी अनाज को पलास की पत्तियों में डाल कर पुड़िया बनाते हैं।

इन्हीं पेड़ की पत्तियों से बनाए गए स्वरूप को संजोरी बिंदरी कहा जाता है। इन बनाए गए पुड़ियों को गांव में घर घर जाकर वितरित किया जाता है। इसके बाद देवी देवताओं का दर्शन कर पूजा स्थल पर सामूहिक भोज का आयोजन किया जाता है। इस पूजा के बाद खेतों में बीज बोने की शुरुआत की जाती है। इस तरह अनाज भंडार का यह विधि सहकारिता का ही एक रूप होता है ।

**गांव की कहानी : कांति कुमार जैन**




# राजा महेंद्र के नाम पर बसाया गया मनेंद्रगढ़

महेंद्र प्रताप सिंहदेव राजा रामानुज प्रताप सिंहदेव के तृतीय पुत्र थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अर्थ शास्त्र में एम ए करने के उपरांत उन्होंने कोलकाता में अपना व्यापार प्रारंभ किया। वे धार्मिक रुचि के व्यक्ति थे। कोरिया का मनेन्द्रगढ़ उन्हीं के नाम पर बसाया गया है।

1998 में उनका देहावसान हुआ। चौथे और अंतिम पुत्र रामचन्द्र सिंहदेव का जन्म 1930 में हुआ था। उन्होंने 1951 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम एस सी की उपाधि अर्जित की। वे यहां छात्र संघ के उपाध्यक्ष थे।

16 वर्ष तक कोलकाता में व्यापार करने के बाद उन्होंने 1967 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। वे 1993 से 2003 तक



मंत्रिमंडल में भी रहे। उन्होंने अनेक पुस्तकों की रचना भी की है। वरिष्ठ आई ए एस अधिकारियों को प्रबंधन कौशल पर मार्गदर्शन के लिए वे अनेक बार आमंत्रित किए गए थे।

**स्वतंत्रता सेनानी**

**लखनलाल आडिल**

# छाटा की छटा

घनाराम तिवारी का जन्म 26 जनवरी 1901 में ग्राम देव बलौदा में हुआ था। आपकी माता का नाम जामवंतिन तथा पिता धनीराम तिवारी थे। पिता के अचानक स्वर्गवास होने के कारण आपको पैतृक संपत्ति से वंचित होना पड़ा। आप दो भाइयों को माता के साथ आर्थिक स्थिति से जूझते दर दर की ठोकरें खानी पड़ी। आपकी प्राथमिक शिक्षा ग्राम मर्रा में हुई। चौथी पास होने के बाद आपको शिक्षक की नौकरी मिली, किन्तु नियुक्ति 125 कि मी दूर अंबागढ़ चौकी में हुई। उतनी दूर जाना मुश्किल होने के कारण निजी व्यवसाय करने लगे। आपके अच्छे व्यवहार के कारण आपका व्यवसाय फलता फूलता गया। इस कमाई से 42 एकड़ जमीन आपने छाटा में खरीदी। पाटन से दुर्ग रोड पर गोंडपेंडरी से पहले छाटा पड़ता है। सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में ग्रामवासियों के साथ आपकी भी गिरफ्तारी हुई और रायपुर केंद्रीय जेल में सजा हुई। स्वतंत्रता मिलने के बाद तिवारी जी की लोकप्रियता बढ़ती गई। पंचायती राज की स्थापना हुई तो तिवारी जी लगातार पंद्रह वर्षों तक ग्राम पंचायत सांतरा के निर्विरोध सरपंच चुने गए। अपने कार्यकाल में अनेक विकास के कार्य संपादित किए। आगे अपनी संपत्ति के देखभाल के लिए छाटा में आकर बस गए। अचानक सड़क दुर्घटना में 5 जून 1991 में आपका स्वर्गवास हो गया। 16 सितम्बर 2006 को ग्राम पंचायत के सहयोग से ग्रामीण नव युवक मंडल द्वारा छाटा में मुख्यमंत्री से प्राप्त अनुदान से स्वतंत्रता सेनानी घनाराम तिवारी जी की प्रतिमा स्थापित की गई। इस कार्यक्रम में केयूर भूषण, रामाधार तिवारी, महादेव प्रसाद पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद सिरमौर जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**ऐतिहासिकः निर्मलकांत श्रीवास्तव**





# देशी रियासतों का निर्माण

भारत में देशी रियासतें कैसे बनी? इसका इतिहास बहुत ही रोचक है। यद्यपि बहुत सी रियासतें ऐसी थी, जिनकी जड़ें भारत में अंग्रेजी राज्य स्थापित होने से पहले भी मौजूद थीं। फिर भी अधिकांश रियासतों को जन्म देने वाले अंग्रेज ही थे। उनकी पीठ पर एक गहरी ब्रिटिश नीति काम कर रही थी। उन्होंने कुछ रियासतें इसलिए बनाई थी जिससे भारत में ब्रिटिश हितों की नींव मजबूत हो जाए और कुछ इसलिए बनाई थी, ताकि लड़ाई झगड़ों का निबटारा होकर स्थिति स्थित हो जाए। इस प्रकार उनके एक नहीं अनेक उद्देश्य थे। कभी कभी ईस्ट इंडिया कंपनी ने किसी किसी राजा को केवल इसलिए मान्यता दी थी, कि वह या तो उसके मित्र बन जाएं या उसके विरुद्ध शत्रुओं की मदद न करें।

कभी कभी ऐसा भी देखने में आया कि जो शासक उपद्रवी थे, उनसे बचने के लिए कंपनी ने एक सस्ता नुस्खा निकाला वह ' जो चाहे सो करो ' की छूट देकर उन्हें ब्रिटिश प्रदेश से दो हाथ दूर रखने को राजी कर लेती थी। यथा संभव अंग्रेज आए दिन की लड़ाइयों और झंझटों से बचना चाहते थे। जहां तक उनके स्वार्थों की पूर्ति हो सके और उनकी सुरक्षा पर कोई आंच न आए, वहां तक जाने को वे हमेशा तैयार रहते थे। यदि किसी वर्तमान राजा को मान्यता देने या नया राजा बनाने से उनकी कठिनाइयां हल होती थीं तो वे ऐसा करने से नहीं चूकते थे।



इस नीति का परिणाम यह हुआ कि 1757 से 1857 के भीतर सौ वर्षों में रियासतों की संख्या बढ़ती ही गई। इनमें से कुछ कुछ रियासतें जानबूझकर बनाई गई, कुछ मजबूर होकर स्वीकार की गई और शेष अपने आप बन गई। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 में देशी रियासतों की जो परिभाषा मिलती है उसमें कहा गया है कि देशी रियासत चाहे उसे स्टेट, जागीर या अन्य किसी नाम से क्यों न पुकारा जाए, वह प्रदेश है जो ऐसे शासक के आधिपत्य या अधिराज्य में है जिसको स्वयं ब्रिटिश सम्राट की छत्र छाया प्राप्त है, किन्तु वह ब्रिटिश भारत का अंग नहीं है।

## जैकेट के शेष

### ढाबे में झगड़ा, रायपुर ....

पहुंचने से पहले ढाबा में 7 से 8 युवक नशे की हालत में खाना खाकर आपस में लड़ाई-झगड़ा करते हुए तोड़फोड़ कर रहे थे। वे ढाबा के कर्मचारियों से भी उलझ रहे थे। सभी आठों युवक जिसमें शामिल कुछ नाबालिग भी नशे में पूरी तरह से धुत थे। इसी दौरान रायपुर से आए युवकों ने ढाबा के सामने कार को खड़ा कर खाना खाने भीतर गए। इन लोगों ने भी शराब का सेवन किया था। युवकों द्वारा ढाबा की कुर्सी-टेबल में तोड़फोड़ करते देख आलोक व उसके साथियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इसी बात को लेकर सभी पांच युवक गोपी दीवान, कुलेश्वर नेताम, रणवीर साहू, कमलेश ध्रुव व गौतम दीवान ने अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ मिलकर रायपुर के युवकों से झगड़ा शुरू कर दिया। इसी दौरान गोपी दीवान ने जेब से खंजरनुमा चाकू निकालकर नितिन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसके बाद आलोक पर चाकू से हमला किया। दोस्तों पर हो रहे हमले को देख सुरेश जान बचाने भाग रहा था, जिसे आरोपियों ने दौड़ाकर पकड़ चाकू मार दिया। घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके दो साथी किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। घटना के बाद आरोपियों ने लगभग आधा घंटा ढाबा के पास जमकर आतंक मचाया। सूचना पर अर्जुनी पुलिस व वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी। सुबह होने तक पुलिस ने सभी आठ आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस खूनी घटना में आलोक सिंह ठाकुर पिता संतोष (30), निवासी न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह, नितिन टांडी पिता गोपी (33) व सुरेश जियाल पिता बिशेख (32) दोनों संतोषी नगर रायपुर निवासी की मौत हुई है। वरदान एंबुलेंस की मदद से शवों को जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मंगलवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

**सभी आरोपी गिरफ्तार** : एसपी सूरज सिंह परिहार ने प्रेसवार्ता में बताया कि घटना में शामिल मुख्य आरोपी गोपी दीवान पिता प्यारी दीवान, गौतम दीवान पिता लक्ष्मण (37) दोनों ग्राम मथुराडीह थाना अर्जुनी निवासी, कुलेश्वर नेताम (25) पिता चुरामन ग्राम कोर्रा थाना भखारा, रणवीर साहू पिता गोपाल (20) ग्राम इर्रा थाना भखारा, कमलेश ध्रुव पिता राजेन्द्र (19) आमापारा धमतरी निवासी को गंभीर धारा 103-1, 190, 191-1-3 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की विवेचना अभी जारी है। आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि खंगाली जा रही है। वहीं अपराध में शामिल तीन नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जा रहा है।

**दो युवकों की जान बची** : तीन पर चाकू से हमला करने के बाद आरोपी चौथे युवक को भी मारने दौड़ा रहे थे। युवक बचने के लिए खेत में कूद गया। खेत से होते हुए वह युवक धमतरी पहुंच वाहन में सवार होकर रायपुर भागने में सफल रहा। वहीं एक युवक हमले को देख वहीं पर खड़ी एक अन्य कार में छिपकर बैठ गया। इस तरह दोनों युवक की जान बच पाई।

### तोड़फोड़ के साथ ....

चाकू की नोक पर लूटपाट करने की कोशिश की थी।

### चैतन्य को अभी ....

जन्मदिन के दिन ही गिरफ्तार किया था। चैतन्य बघेल ने गिरफ्तारी के खिलाफ पहले सुप्रीम कोर्ट गए थे, जहां से मिले निर्देश के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

### पीने को साफ पानी ....

इसके उल्लंघन पर जिला कोर्ट में याचिका दायर की जा सकती है।

### यूएस-चीन को टक्कर ....

का प्रावधान किया गया है। वैष्णव ने कहा, मंत्रिमंडल ने चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों को स्वीकृति दी है जिनकी स्थापना ओडिशा, पंजाब एवं आंध्र प्रदेश में की जाएगी।

### छह गुना बढ़ा ....

मोबाइल उत्पादन 28 गुना बढ़कर 5.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत दो-चार सितंबर तक 'सेमिकॉन इंडिया 2025' की मेजबानी करेगा जिसमें सिंगापुर, मलेशिया, जापान एवं कोरिया साझेदार देश होंगे।

### सीएम की पहल, छग ....

सीजन में रोपा-ब्यासी के समय पड़ने वाले खाद की अतिरिक्त आवश्यकता की जानकारी देते हुए उनसे खरीफ सीजन के लिए छत्तीसगढ़ को निर्धारित सप्लाई प्लान के अतिरिक्त 50-50 हजार टन यूरिया और डीएपी खाद आबंटित किए जाने का आग्रह किया है। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कषि मंत्री श्री नेताम एवं सांसदों की मांग पर अतिरिक्त खाद उपलब्ध कराने अपने अधिकारियों को निर्देशि दिए हैं।

### आधार-वोटर आईडी ....

जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह मामला ज्यादातर भरोसे की कमी का है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के इस निर्णय से सहमति जताई कि आधार और मतदाता पहचान पत्र को अकेले नागरिकता का पुख्ता सबूत नहीं माना जा सकता। इसके साथ अन्य दस्तावेज भी होने चाहिए। कपिल सिब्बल (याचिकाकर्ता की ओर से) ने कहा कि लोगों के पास आधार, राशन और ईपीआईसी कार्ड होते हुए भी अधिकारी इन्हें मान्य नहीं मान रहे।

### एक ही पते ....

लगाया है कि निर्वाचन अधिकारी के शासकीय मकान के पते में चार ऐसे कलेक्टर के नाम मतदाता के रुप में दर्ज है जिनका तबादला वर्षों पहले हो चुका है। इसी तरह कई डिप्टी कलेक्टर, अपर कलेक्टर और कोषालय अधिकारी का नाम उनके सरकारी आवासों के पते पर मतदाता सूची पर दर्ज है। हैरानी वाली बात यह है कि इसी आवास में वर्तमान कलेक्टर निवासरत हैं जिन्होंने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी निभाई है। उल्लेखनीय है कि देश में अभी निर्वाचन आयोग को लेकर माहौल गरमाया हुआ है। सोमवार को ही दिल्ली में कांग्रेस व अन्य विपक्षीय दलों के सांसदों ने मतदाता सूची को लेकर निर्वाचन आयोग के सरकार के खिलाफ मार्च निकाला था। अब जिले में भी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची को लेकर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। श्री अग्रवाल ने कहा है कि कोसाबाड़ी वार्ड क्र. 36 के डिंगापुर मतदान केन्द्र क्र. 4 के अनुभाग क्र. 5 के मतदाता सूची में व्यापक गड़बड़ी है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिस बंगले में रहते हैं उनके पते में चार ऐसे कलेक्टर (आईएएस) के नाम मतदाता के रुप में दर्ज हैं जिनका तबादला वर्षों पहले हो चुका है। मतदाता क्रमांक 453 में पूर्व कलेक्टर रानू साहू 454 में मोहम्मद कैसर अब्दुल हक एवं 455 में किरण कौशल व 548 में सौरभ कुमार का नाम अभी भी सूची में मौजूद है।

### ऐसी आशंका भी जताई ....

मतदाता सूची में नाम है। श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि सैकड़ों ऐसे मतदाता हैं, जिनका नाम दो बार दर्ज है। श्री अग्रवाल ने इससे अवगत कराते हुए राज्य एवं भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। साथ ही कहा है कि कोरबा में भी वोट की गड़बड़ी की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। निर्वाचन विभाग पर विश्वास कायम रहे इसके लिये पूरे जिले के मतदाता सूची की जॉच निष्पक्षता से कराई जाये।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित अभियांत्रिकी कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

■ **1. निविदा क्र.:** सी/25/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए रैंप, गैर-फिसलन सुलभ मार्ग, पेयजल बूथ, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, यात्री हॉल्ट स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैंप व यात्री हॉल्ट पर पेयजल की व्यवस्था और प्लेटफार्म के अंत में अंतर प्लेटफार्म स्थानांतरण लिए मार्ग का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹3,54,23,735/- **बयाना राशि:** ₹3,27,100/-

■ **2. निविदा क्र.:** सी/26/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कामठी स्टेशन पर स्थित 2,25,000 लीटर क्षमता वाले RCC ओवरहेड टैंक का प्रावधान। (2) ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कन्हान स्टेशन पर स्थित 1,00,000 लीटर क्षमता वाले RCC ओवरहेड टैंक का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹1,59,22,472/- **बयाना राशि:** ₹2,29,600/-

■ **3. निविदा क्र.:** सी/27/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN, तुमसर के अधीन तुमसर-कोका सेक्शन के बीच कि.मी. 1060/3-5 पर मानवयुक्त समपार संख्या 536 को हटाने के लिए LROB का निर्माण।। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹14,44,82,485/- **बयाना राशि:** ₹8,72,400/-

■ **4. निविदा क्र.:** सी/28/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ DEN, मध्य, नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग - नागपुर - TBSR (H-बीम) - 1401 संख्या। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹4,79,97,539/- **बयाना राशि:** ₹3,90,000/-

■ **5. निविदा क्र.:** सी/29/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) TRR (P) 22.44 T. कि.मी.। (2) TRR (P) 13.791 T. कि.मी. (SL DN और लूप लाइन)। (3) TSR (P) 7 T. कि.मी.। (4) TRR (P) 20.013 T. कि.मी. A रूट पर। (5) तुमसर (तुमसर रोड) यार्ड L-1 में TFR के साथ TSR (P), जिसमें स्लीपर घनत्व 1540 से बढ़ाकर 1660/कि.मी. किया गया है। (6) पॉइंट्स और क्रॉसिंग की डीप स्क्रीनिंग - 37 सेट्स। (7) वरिष्ठ DEN, (मध्य), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SEJS का नवीनीकरण - 166 सेट और ग्लूड जॉइंट - 115 संख्या। (8) ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत स्विच और क्रॉसिंग का नवीनीकरण (3 संख्या) 16 में से 1। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹8,51,61,500/- **बयाना राशि:** ₹5,75,800/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **29.08.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

PC/19-92

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202506101000198 अ/19(3)/185 वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 तहसील व जिला दुर्ग स्थित शासकीय भूमि ख.न. 1030/1, 2 रकबा 13.12 हे. को गोकुल नगर व्यवस्थापन योजना अंतर्गत दिनांक 28.6.2004 को अग्रिम आधिपत्य में प्राप्त किया गया है, जिसकी राशि 14,12,216.00 रू. दिनांक 28.6.2004 को चालान द्वारा जमा किया गया है, को गोकुल नगर व्यवस्थापन योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई को आबंटन किये जाने के सबंध में आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय को प्रेषित किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को नगर पालिक निगम भिलाई नगर के नाम पर आबंटन किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 14.8.2025 को या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.7.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर


## पेज एक के शेष

### रसूखदारों ने बढ़ाई...

स्कूल के कुछ बच्चे हाथ में पैसे लिए घूम रहे हैं तो कुछ बच्चें पानी की बोतले बेच रहे हैं। कई नाबालिग जुए और सट्टे में फंसकर लत के शिकार हो रहे हैं। तारलागुड़ा थाने के सामने यह अवैध मुर्गा बाजार खुलेआम चल रहा है। सूत्रों ने बताया यहां रोजाना 50 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का जुआ खेला जा रहा है। मुर्गा बाजार में प्रवेश के लिए अलग-अलग 300 रुपए, 500 रुपए और वीआईपी टिकट के नाम पर 1,000 रुपए वसूलते हुए हाथों में वीआईपी सील लगाया जा रहा हैं। चारों ओर हरे परदे लगाकर इसे पूरी तरह ढक दिया गया है, जिससे बाहर से कुछ भी न दिखे। अब तो ग्रामीण भी मजबूरी में टिकट खरीदकर ही अंदर जा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया हैं कि इस बाजार का संचालन तेलंगाना के वानम प्रकाश के हाथ में है, जिसने लाखों रुपए देकर सरपंच काका भास्कर, सचिव श्रीनिवास दुधी और कुछ ग्रामीणों की मदद से पूरा मुर्गा बाजार का प्रबंधन हासिल कर लिया है। इसके चलते न सिर्फ जुए का दायरा बढ़ा है, बल्कि आसपास के गांवों में भी सट्टेबाजी की लत फैलने लगी है।

### जस्टिस वर्मा पर...

31 जुलाई को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और सदन में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुल 146 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव की सूचना प्राप्त हुई है, जिसमें न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायाधीश जांच अधिनियम 1968 की धारा 3 के साथ संविधान के अनुच्छेद 124 (4) के साथ पठित अनुच्छेदों 217 और 218 के अंतर्गत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को एक समावेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है।

### जहरीली शराब, इलाज के...

अंतर्गत दादरकला भैसमा निवासी उसका नाती दामाद जेल सिंह चौहान 32 वर्ष पिता छतर राम चौहान बुधवार को मेहमानी में पहुंचा था। जहां नाती दामाद के आने की खुशी में राजबीन बाई के घर मुर्गा, मछली सहित अन्य पकवान बनाया गया था। देर शाम को राजबीन बाई सहित अन्य लोगों ने मुर्गा, मछली सहित महुआ शराब का सेवन किया था। खाना खाने के बाद अचानक परिजनों की तबियत बिगड़ने लगी और उल्टी शुरु हो गई। जब पड़ोसियों को इसकी सूचना मिली तो संजीवनी 108 की मदद से राजबीन बाई चौहान, जेल सिंह, चमेली बाई 42 वर्ष पति राजाराम चौहान, राजाराम चौहान पिता शिव प्रसाद चौहान, राजकुमार चौहान पिता टीकसराम चौहान को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान 65 वर्षीय राजबीन बाई और उसके नाती दामाद जेल सिंह की मौत हो गई थी। जबकि पिछले 12 दिनों से राजाराम चौहान 56 वर्ष पिता शिव प्रसाद चौहान का इलाज मेडिकल अस्पताल में चल रहा था।

### सट्टेबाजी ऐप से ....

(तमिलनाडु) और सूरत (गुजरात) में कम से कम 15 परिसरों में छापेमारी की जा रही है। धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज यह मामला मुंबई साइबर पुलिस द्वारा 2024 में दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह राशि जालसाजों ने 'म्यूल खातों' (अपराधियों द्वारा अवैध धन शोधन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले) में एकत्रित की थी और इसे कई भुगतान ऐप और एजेंटों के माध्यम से अलग-अलग प्राप्त किया गया था। सूत्रों ने बताया कि धोखाधड़ी के जरिये ठगी गयी धनराशि लगभग 2,000 करोड़ रुपये है। सूत्रों के मुताबिक, इस राशि को अलग-अलग तरीकों से ठिकाने लगाया गया।

### शाखा प्रबंधक सहित ....

पुनः बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में पंकज तिवारी सहित पूर्व में बर्खास्त किए गए 29 कर्मचारियों ने बर्खास्तगी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के अनुसार बैंक को आदेश प्राप्ति दिनांक से विभागीय कार्यवाही किए जाने का आदेश पारित किया था।

### इन कर्मचारियों की हुई ....

पर्यवेक्षक, शंशाक शेखर दुबे पर्यवेक्षक, जयप्रकाश देवांगन पर्यवेक्षक, चंचल कुमार दुवे पर्यवेक्षक, ललित कुमार राठौर पर्यवेक्षक, भूपेश कुमार राठौर पर्यवेक्षक, चंदन प्रताप सिंह पर्यवेक्षक, तुरेन्द्र कुमार साहू लिपिक सह. कम्प्यूटर आपरेटर, एम.डी. सलमान लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, तोपेश कुमार वस्त्रकार लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, शेख जलालुद्दीन लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, कु. सीमा देवांगन लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, लेखा कश्यप लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, प्रफुल्ल कश्यप समिति प्रबंधक, नरेन्द्र कुमार मिश्रा समिति प्रबंधक, एकलव्य कुमार चंद्रा समिति प्रबंधक, राहुल कुमार सोनी समिति प्रबंधक, दिनेश्वर प्रसाद पटेल समिति प्रबंधक, नरेश कुमार सिंह समिति प्रबंधक, मो इमरान खान समिति प्रबंधक, ओमप्रकाश वारे समिति प्रबंधक, पंकज कुमार तिवारी समिति प्रबंधक एवं अमित कुमार पटेल समिति प्रबंधक शामिल हैं।

### कांग्रेस का 'लोकतंत्र ....

एक राय से ये तय किया गया कि 'लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च' 14 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में विरोध मार्च निकालने का अभियान शुरू होगा। 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली 22 अगस्त से 7 सितंबर तक इस नारे के साथ देश भर के पीसीसी के माधमशक्ति से जन जागरण अभियान चलाया जायेगा। प्रदर्शन किया जाएगा 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आमजनों का हस्ताक्षर अभियान चलाकर उन्हे वोटिंग अधिकार बचाने व जागरूकता' अभियान के नाम पर जोड़ने की कोशिश की जायेगी। विषय को विस्तार देने के लिए सांसद सप्तगिरी उलाका ने कहा कि "इस मुद्दे को हर ज़िले और गांव तक पहुंचाना होगा"। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रभारी महासचिव सचिन पायलेट ने पूछा कि "भाजपा चुनाव आयोग के लिए क्यों फील्डिंग और बैटिंग कर रही है? गंभीर संदेह है कि वोटर सूची में विसंगतियाँ हैं।"

### भ्रामक समाचार प्रसारित ...

तत्कालीन विधानसभा सत्र के दौरान 12 फरवरी 2024 को सरकार को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि लिपिकीय त्रुटिवश 1389.00 लाख अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक राशि 13.89 लाख है। इसके पश्चात विधानसभा में संशोधन सूचना प्रस्तुत की गई और 14 फरवरी 2024 को दोपहर 12:03 बजे सत्र के दौरान उक्त संशोधन सूचना को पढ़ा गया। संशोधन सूचना के अनुरूप 13.89 लाख का संशोधन भी उसी समय कर दिया गया। संशोधन सूचना से संबंधित सभी दस्तावेजों का अवलोकन कोई भी इच्छुक व्यक्ति कर सकता है। साथ ही, इस संबंध में विधानसभा की लाइब्रेरी में उपलब्ध वीडियो भी देखा जा सकता है। इन सभी स्पष्ट एवं प्रमाणित तथ्यों के बावजूद, जानबूझकर 1389 लाख रुपए का समाचार चलाकर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।







**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा - 82 दंड प्रक्रिया संहिता 1973)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रामदेर उर्फ मज्जी देव उर्फ मजबी, उम्र-53 वर्ष, साकिन- मज्जी मेंडरी, थाना-बेदरे, जिला-बीजापुर (छ.ग.)** के द्वारा थाना छोटेबेठिया जिला उ.ब. कांकेर के अपराध क्रमांक 06/2024 अंतर्गत धारा 147, 148, 149, 307 भा.दं.सं., धारा 25, 27 आयुध अधिनियम एवं धारा 10, 13, 16, 18, 38 (2) 39 (2) वि.वि.क्रि.क.नि. अधि. एवं धारा 3, 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अधीन दंडनीय अपराध किए हैं (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के संदर्भ में लेख किया गया है। कि उक्त आरोपी मिल नहीं रहे हैं और मुझें समाधानप्रद रूप से यह दर्शित कर दिया गया। है कि उक्त आरोपी फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **रामदेर उर्फ मज्जी देव उर्फ मजबी, उम्र 53 वर्ष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए न्यायालय विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में तारीख **16/09/2025** को हाजिर हो।

तारीख - 06/08/2025

(न्यायालय की मुद्रा)

(श्रीमती विभा पाण्डेय)
विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश
उ.ब. कांकेर (छ.ग.)



**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR**

Caveat No. /2025, (W.P.(C)/W.P.(PIL) No. ...2025

**CAVEATOR/ EXPECTED RESPONDENT:** National Mineral Development Corporation Limited, Slurry Pipeline Unit, Bailadila Bhawan, Geedam Road, Jagdalpur, district Bastar, CG, through Authorized Signatory having registered office at Masab Tank, Castle Hills, Khanij Bhawan, Hyderabad, Telangana

**VERSUS**

**EXPECTED PETITIONER:** Any Member of General Public

**CAVEAT UNDER SECTION 148 "A" OF CIVIL PROCEDURE CODE READ WITH RULE 142 OF THE CG HIGH COURT RULES**

Following is respectfully submitted on of behalf the Caveator/Expected Respondent -

That the Caveator Public Enterprise has initiated the process of laying Slurry Pipeline for transporting the iron ore fines after its conversion to iron ore concentrate in Slurry form from Bailadila district Dantewada, CG to Nagarnar district Bastar, CG which includes the 15 MTPA Slurry Pipeline system (138.75 km) between Bailadila and Nagarnar will consist of 10 MTPA Ore processing plant at Bailadila and Nagarnar and other associated facilities stretching to a total of 61 villages in two districts of Chhattisgarh i.e. Bastar & Dantewada for which Govt. of India has issued a Gazette notification. dated 05.01.2018 under the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962 & notices have been served to affected land owners for obtaining land for Right of Use /Right of Way (RoU/RoW). That in compliance of the section 4 & 5 of the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962, the Central Government has issued Section 6(1) notification on 04-12-2020 declaring the acquisition of right of use for the purposes of laying down the slurry pipe lines by the Caveator. A copy of notification dated 04-12-2020 is filed hereto as **ANNEXURE-C/1.**

In view of the above, let the Caveator may kindly be heard before granting any interim relief in any such Writ Petition filed by the any member of General Public challenging the aforesaid laying down of slurry pipeline and the notification dated 04-12-2020 before this Hon'ble Court, in the interest of justice.

A copy/edition of the Newspaper "Haribhumi" dated 13/08/2025 (Raipur Edition) having circulation in Bastar and Dantewada district bearing the proof of the publication of this Caveat for public notice is annexed herewith as **Annexure C/2.**

BILASPUR
DATED: 13.08.2025

**(MAHENDRA DUBEY)**
**COUNSEL FOR CAVEATOR**


## राशिफल

**मेष** — जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — तरक्की के योग बन रहे हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मौके मिलेंगे।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** — धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। संयम बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. 30255592B, दिनांक: 01.08.2025

**कार्य का नाम:** (1) 20CP के लिए KBIL पार्ट सं. 776470 के अनुसार चेक वॉल्व। मात्रा: 47 संख्यक। (2) HHP डीजल रेल इंजनों के लिए CCB ब्रेक सिस्टम रेल इंजनों (सभी नोड्स) हेतु KB पार्ट सं. 789992 के अनुसार ERCP हेतु कंट्रोल नोड ASSY, EPCU, FT5000। मात्रा: 10 संख्यक। (3) HHP डीजल रेल इंजनों के लिए ब्रेक कंट्रोलर (787605-1994) की CCB ब्रेक सिस्टम के लिए KBI पार्ट सं. 789589 के अनुसार कंट्रोल नोड असेम्बली, EBV, FT5000 L/साफ्टवेयर। मात्रा: 12 संख्यक। (4) CCB ब्रेक सिस्टम रेल इंजनों के लिए KBIL पार्ट सं. 789992 के अनुसार कंट्रोल नोड असेम्बली EPCU, FT500। मात्रा: 20 संख्यक। (5) CCB 1.5 ब्रेक सिस्टम के लिए KBI पार्ट सं. 774902 के अनुसार ब्रेक वॉल्व कंट्रोलर। मात्रा: 02 संख्यक। (6) CCB ब्रेक सिस्टम के लिए KBIL पार्ट सं. 789991 के अनुसार कंट्रोल नोड असेम्बली, EBV, FT5000-L/साफ्टवेयर। मात्रा: 06 संख्यक। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] (सभी क्रम संख्या के लिए) **निरीक्षण: TPI एजेंसी द्वारा।**

**द्रष्टव्यः** सामग्रियों की आपूर्ति 30 दिनों के अंदर की जानी चाहिए।

**निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 25.08.2025 को 1500 बजे।

सम्पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-459/Q/25-26



**IDFC FIRST Bank**

सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
दूरभाष: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सह-पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ओं), सह-ऋणकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को कॉलम (iii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि कॉलम (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) को देय राशि की वसूली के लिए नीचे वर्णित अनुसार है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट यानी www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

संपत्ति निरीक्षण ऑनलाइन

| क्र. सं. | (i) मांग नोटिस राशि | (ii) समझौता आईडी | (iii) उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और जमानतदार (ओं) का नाम | (iv) गिरवी रखी गई संपत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि और समय | (viii) नीलामी की तिथि और समय समाप्ति | (ix) निरीक्षण की तिथि और समय | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय मुद्रा 14134123.54/- मांग सूचना दिनांक: 30-सितंबर-2019 | 13599057 | डायनामिक हेयर सॉल्यूशन, आरोग्य दा फिजियोफिट, शत्रुघ्न सोंढ़ी एवं सुजाता सोंढ़ी | खसरा नंबर 149/36, पोटियाकला, वार्ड नंबर 52, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील और जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001 में स्थित संपत्ति का समस्त भू एवं भू-खण्ड। | भारतीय मुद्रा 13254532.20/- | भारतीय मुद्रा 1325453.22/- | 30-अग.-2025 11.00 बजे सुबह से दोपहर 1.00 बजे तक | 29- अग.2025 10.00 बजे सुबह से 5.00 बजे शाम तक | 21- अग.2025 10.00 बजे सुबह से 4.00 बजे शाम तक | नाम-विनय सोनी संपर्क नंबर- 9039038793 नाम-संदेश जैन संपर्क नंबर-8839140796 |


संपत्ति स्थान एवं छवियों के क्यूआर कोड

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति पर मौजूद चल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांक: 13.08. 2025
स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पहले आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)


## शब्द पहेली - 5957



**बाएँसेदाए+**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 5956 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | बा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 5967

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5966 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## खबर संक्षेप

### एमआरएफ के मुनाफे में 12 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी एमआरएफ लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 500 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 571 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एमआरएफ लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि 30 जून, 2025 को समाप्त पहली तिमाही में परिचालन राजस्व 7,676 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले यह 7,196 करोड़ रुपये था।

### हाईवे इंफ्रा का शेयर 75 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का शेयर मंगलवार को सूचीबद्ध होने के दिन 70 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 75 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर बंद हुआ। बीएसई में शेयर की शुरुआत निर्गम मूल्य के मुकाबले 67.14 प्रतिशत बढ़कर 117 रुपये पर हुई। बाद में यह 75.48 प्रतिशत बढ़कर 122.84 रुपये पर बंद हुआ, जो शेयर की ऊपरी सर्किट सीमा है। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर एनएसई पर 64.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 115 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में शेयर 72.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 120.75 रुपये पर बंद हुआ।

## खुदरा महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत पर आ गई

# महंगाई से आम आदमी को मिली राहत, 8 साल के निचले स्तर पर पहुंची; सस्ता हुआ खाने-पीने का सामान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत मिली है। जुलाई के महीने में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में आई गिरावट की वजह से इस महीने भारत की रिटेल महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत रह गई है। यह बीते आठ सालों में सबसे कम है।

■ जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है। जुलाई में रिटेल महंगाई इस साल जून के 2.1 प्रतिशत से भी 55 बेसिस पॉइंट कम रही, जो जनवरी 2019 के बाद से रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

### नेगेटिव जोन में आई महंगाई

इस साल जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले कम होकर -1.76 प्रतिशत के नेगेटिव जोन में आ गई। जून के मुकाबले जुलाई में भी खाद्य मुद्रास्फीति में भी 75 बेसिस पॉइंट की गिरावट दर्ज की गई है। जनवरी 2019 के बाद से खाद्य मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2025 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में आई इस गिरावट की वजह दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें हैं।

**खास बातें**

- जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम
- दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें



### ग्रामीण मुद्रास्फीति में भी गिरावट

जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम है। जुलाई में ग्रामीण मुद्रास्फीति जून के 1.72 प्रतिशत से घटकर 1.18 प्रतिशत रही, जबकि शहरी मुद्रास्फीति इसी दौरान 2.56 प्रतिशत से घटकर 2.05 प्रतिशत रह गई। आवास मुद्रास्फीति 3.17 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रही, शिक्षा मुद्रास्फीति 4.37 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत हो गई और स्वास्थ्य मुद्रास्फीति एक महीने पहले के 4.38 प्रतिशत से बढ़कर 4.57 प्रतिशत हो गई।

### इन राज्यों में सबसे कम हुई महंगाई

सबसे ज्यादा केरल में महंगाई संयुक्त रूप से कम हुई है, जो 8.89 प्रतिशत दर्ज की गई। उसके बाद जम्मू और कश्मीर (3.77 प्रतिशत), पंजाब (3.53 प्रतिशत), कर्नाटक (2.73 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (2.28 प्रतिशत) का स्थान रहा। इसी के साथ परिवहन एवं संचार मुद्रास्फीति जून के 3.90 प्रतिशत से घटकर जुलाई में 2.12 प्रतिशत हो गई, जबकि ईंधन एवं प्रकाश मुद्रास्फीति 2.55 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 2.67 प्रतिशत हो गई।

### अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में 2.7 प्रतिशत पर स्थिर

वाशिंगटन। अमेरिका में शुल्क वृद्धि के बीच खुदरा मुद्रास्फीति दर जुलाई में 2.7 प्रतिशत पर स्थिर बनी रही जबकि मुख्य मुद्रास्फीति दर पांच माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अमेरिका के श्रम विभाग ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में कहा कि जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़ा। यह जून महीने के बराबर ही है जबकि अप्रैल में दर्ज 2.3 प्रतिशत के स्तर से ऊपर है। पिछले महीने मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो जून के 2.9 प्रतिशत से अधिक है।

## बिजनेस साइट

### क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 22 से 24 अगस्त तक, मिलेगी हर बजट की प्रॉपर्टी




**रायपुर।** क्रेडाई छत्तीसगढ़ का छठवां प्रॉपर्टी एक्सपो 22 से 24 अगस्त तक बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस बार एक्सपो में 40 से अधिक डेवलपर्स अपने 200 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के साथ मौजूद रहेंगे। फ्लैट, बंगला, विला, प्लॉट और कमर्शियल स्पेस हर बजट और हर लोकेशन की प्रॉपर्टी यहां उपलब्ध होगी। एक्सपो की थीम 'कल करे सो आज कर, आज करे सो अब' इस सोच को बढ़ावा देती है कि घर खरीदने का इंतजार अब नहीं करना चाहिए। आयोजकों के मुताबिक, प्रॉपर्टी खरीदने वालों को इस एक्सपो में स्पेशल ऑफर्स, एश्योर्ड गिफ्ट्स, लकी ड्रा और 'स्पिन द व्हील' जैसे आकर्षण मिलेंगे। बैंकिंग स्टॉल्स भी मौजूद रहेंगे ताकि फाइनेंस की सुविधा तुरंत मिल सके। केवल रेरा रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी ही इस एक्सपो में शामिल होंगी। साथ ही रेरा स्टॉल पर जाकर ग्राहक अपने पसंदीदा प्रोजेक्ट की कानूनी जानकारी भी ले सकेंगे। आयोजन को लेकर क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, प्रोग्राम चेयरमैन नवनीत अग्रवाल, को-चेयरपर्सन संजना बघेल और सचिव अभिषेक बच्छावत ने बताया कि पिछले वर्ष 2500 से अधिक विजिटर्स आए थे, और इस बार और ज्यादा संख्या की उम्मीद है। रायपुर की रियल एस्टेट ग्रोथ को देखते हुए यह एक्सपो घर खरीदने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर है।

■ 'कल करे सो आज कर…आज करे सो अब' की थीम पर मिलेगा बेस्ट ऑप्शन

## सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का स्वतंत्रता दिवस पर खास ऑफर

बिजनेस साइट



**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने राजधानी रायपुर में पहली बार घर खरीदने वालों के लिए एक विशेष ऑफर 'अगस्त में आजादी' की घोषणा की है। यह ऑफर उन लोगों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है जो अब तक किराए के मकान में रह रहे थे और अपने सपनों के घर की तलाश में हैं। इस खास ऑफर के तहत ग्राहक एम्स रायपुर के पास स्थित 'हर्षित लैंडमार्क' प्रोजेक्ट में 2, 3 और 4 बीएचके फ्लैट्स के साथ-साथ कमर्शियल शॉप्स और ऑफिस स्पेस बेहद आकर्षक कीमतों पर खरीद सकते हैं। हर्षित लैंडमार्क का लोकेशन न सिर्फ बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करता है, बल्कि यह प्रोजेक्ट सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। रेडी पजेशन, सिक्योरिटी, पार्किंग जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। प्रोजेक्ट में बजट फ्लैट्स की शुरुआती कीमत 28 लाख से है, जबकि लक्जरी फ्लैट्स की कीमत 55 लाख से शुरू होती है। इस प्रकार हर वर्ग के खरीदार के लिए यहां कुछ न कुछ मौजूद है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के निदेशकों का कहना है कि हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति को उसके सपनों का घर देना है। स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की आजादी का प्रतीक है, और हम चाहते हैं कि लोग किराये की जिंदगी से आजादी पाएं। 'अगस्त में आजादी' इसी सोच के साथ शुरू किया गया है।

### कबाड़ पर अधिक जीएसटी से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान

**नई दिल्ली।** ठोस कचरे के प्रबंधन पर लागू 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाने की सिफारिश करते हुए एक अध्ययन में कहा गया है कि इससे सरकार को सालाना करीब 65,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। साथ ही इससे कबाड़ का पर्यावरण अनुकूल तरीके से प्रबंधन भी प्रभावित हो रहा है। शोध संस्थान 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' (सीएसई) की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट कहती है कि कबाड़ खरीदने-बेचने वाले छोटे कारोबारी 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का बोझ नहीं उठा सकते हैं लिहाजा वे नकद में लेनदेन करते हैं और कर नहीं चुकाते हैं। अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान होता है बल्कि कर चुकाने वाले संगठित कारोबारियों के लिए असंगठित कारोबारियों से प्रतिस्पर्धा कर पाना मुश्किल हो जाता है।


**C⚡PDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्री. कंपनी लिमिटेड**
**(छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग सिलतरा**

क्र./051-5500/सिल/2025-26/859 सिलतरा दिनांक 12.08.2025

**// आम सूचना //**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं, आम जनता एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि 220/132/33 के.व्ही. सब- स्टेषन कुथरैल से निर्गमित एवं ऊर्जीकृत 33 के.व्ही. धनेली फीडर के ग्राम- धरसीवां एवं चरौदा के खेतों के सेक्शन को रि-रूटिंग करने के लिए रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ग्राम - तिवरैयां नहर से वंदना फर्नीचर के सामने से होते हुए ग्राम - चरौदा ओवर ब्रिज तक 1.7 किमी 33 के.व्ही. ओवर - हेड लाईन का विस्तार/निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। उक्त 33 के.व्ही. लाईन दिनांक 13.08.2025 को या इसके बाद कभी-भी ऊर्जीकृत की जा सकती है।

अतः समस्त ग्रामवासियों, आम जनता एवं उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा से संबंधित उपाय) विनियम - 2023 एवं 2010 तथा विद्युत अधिनियम 2003 की संगत धाराओं के अंतर्गत विनियम 62, 63 एवं 64 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार पोल /स्टे/तारों से निर्धारित न्यूनतम क्षैतिज एवं उर्ध्वाधार अंतर/दूरी बनाए रखें एवं लाईन के नीचे या आस-पास कोई निर्माण या ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जावें, जिससे विद्युत दुर्घटना की संम्भावना हो।

उक्त रि-रूटिंग विस्तारित 33 के.व्ही. लाईन को 13.08.2025 को या इसके बाद कभी-भी ऊर्जीकृत की जा सकती है, जिस संम्बंध में सूचना प्रकाषित किये जाने बाबत सादर प्रेषित।

कार्यपालन अभियंता(सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सिलतरा

S-44880/1



**संचालनालय, महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़**
**इन्द्रावती. भवन, ब्लाक-1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर**
**दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email : dirwcd.cg@nic.in**

क्रमांक /5266/मबावि /मसमि /25-26 **विज्ञापन** नया रायपुर, दिनांक- 04/08/2025

**मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के राज्य स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की भर्ती के सम्बन्ध में विज्ञापन**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं बचाव हेतु एक अम्ब्रेला योजना "मिशन शक्ति" की शुरुआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सभी आने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (State Hub for Empowerment of Women) स्थापित है राज्य स्तरीय महिला संसाधन केन्द्र के 03 पदों पर एकमुश्त / संविदा मासिक वेतन पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से दिनांक 07.08.2025 से 22.08.2025 तक विभाग की वेबसाईट https://we.e-bharti.in/shew पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | पदनाम | पद संख्या UR | पद संख्या ST | पद संख्या योग | वेतन मैट्रिक्स लेवल | निर्धारित एकमुश्त/ संविदा मासिक वेतन (प्रतिमाह) | चयन प्रक्रिया | अधिकतम आयु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जेण्डर विशेषज्ञ | 0 | 1 | 01 | 10 | 31450/- | सीधी भर्ती- एकमुश्त वेतन/ संविदा वेतन | 45* वर्ष |
| 2 | अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विशेषज्ञ | 0 | 1 | 01 | 09 | 27740/- | | 45* वर्ष |
| 3 | लेखा सहायक | 1 | 0 | 01 | 07 | 20900/- | | 35* वर्ष |

***छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा पर छूट के आलोक में पद क्रमांक 1 एवं 2 पर सभी छूटो को मिलाकर अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होगी तथा पद क्रमांक 3 पर 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

आवेदन प्रपत्र तथा पद क्रमांक 1 से 3 तक के पदों पर चयन हेतु **शैक्षणिक योग्यता, वेतन भत्ते अन्य सुविधाएं, चयन हेतु आर्हता, मापदंड एवं अन्य शर्तें, आयु-सीमा, अनुभव, कार्य दायित्व, चयन प्रक्रिया** एवं अन्य विवरण- www.cgstate.gov.in एवं www.cgwcd.gov.in वेबसाईट पर भी देखा जा सकता है।

विज्ञापन अनुसार ऑनलाईन आवेदन दिनांक 22.08.2025 की संध्या 5:00 बजे तक विभाग की वेबसाईट https://we.e-bharti.in/shew के माध्यम से ही प्रेषित किये जावें। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

( पदुम सिंह एल्मा) संचालक
महिला एवं बाल विकास, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-252602752/1



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in**

क्र. / बी-6/वि.स. क्षेत्र साजा / 68-48 / 25-26 / 3994 रायपुर, दिनांक 11/08/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**
**Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in**

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04.09.2025 , फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 11.09.2025**

| क्रं | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में ) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | वि.स. क्षेत्र साजा जिला बेमेतरा वि.ख. साजा अंतर्गत तहसील मुख्यालय थानखम्हरिया एवं साजा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का बाउण्ड्रीवाल सहित शेष कार्य । | 254.56 | लो नि. वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य दि. 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है।

S-44888/1 **प्रबंध संचालक**



**जिला परिषद कार्यालय, जामताड़ा**
**Email Id: zilaparishad_jamtara@yahoo.com**

**अल्पकालीन ई0-आमंत्रण संख्या-ZILA/PARISHAD/JAMTARA/RE/01/2025-26**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | निरीक्षण भवन पबिया में मार्केट कम्पलेक्श का निर्माण। | 2,46,84,000.00 | 4,94,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |
| 2 | जिला परिषद, जामताड़ा के सुभाष चौक स्थित बाजार में जमीन पर विवाह भवन / मंडल का निर्माण। | 2,47,85,100.00 | 4,96,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक-18.08.2025
3. ई0-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक-18.08.2025 से दिनांक-02.09.2025 (अपराह्न 5:00 बजे)
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा की स्वीकार्य होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
6. निविदा खोलने का स्थान :- e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :- दिनांक-08.09.2025 (अपराह्न 2:00 बजे)
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
9. ई0-निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :- 9973957543
10. अधोहस्ताक्षरी/सक्षम पदाधिकारी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेंगा तथा निविदादाता को कारण पृच्छा का अधिकार मान्य नहीं होगा।
11. B.O.Q की राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
12. उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिलापरिषद्, जामताड़ा का पत्रांक-453/जि0परि0, दिनांक-09.05.2025 के क्रम में उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन जिला परिषद्, जामताड़ा द्वारा किया जाएगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/-
जिला अभियंता
जिला परिषद्, जामताड़ा।


PR 359417 (District) 25-26 (D)


### वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच सोना 1,000 रुपए लुढ़का



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बिकवाली के चलते मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,000 रुपये टूटकर 1,01,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह स्पष्ट करने के बाद कि सोने के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा, सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन इस घोषणा से व्यापार संबंधी चिंताएं कुछ कम हो गई हैं।''इसके अलावा व्हाइट हाउस ने सोमवार को घोषणा की कि चीन पर लगाया गया भारी शुल्क अब 11 नवंबर तक निलंबित रहेगा।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई गिरावट



**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 3.95 प्रतिशत घटकर 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा। कर संग्रह में कमी की मुख्य वजह 'रिफंड' का अधिक होना है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। प्रत्यक्ष कर में कंपनियों, व्यक्ति, पेशेवरों और अन्य संस्थाओं की आय पर कर शामिल हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच में अब तक जारी 'रिफंड' 10 प्रतिशत बढ़कर 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध कंपनी कर संग्रह तीन प्रतिशत बढ़कर करीब 2.29 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि गैर-कंपनी कर (जिसमें व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार व कंपनी शामिल हैं) संग्रह 7.45 प्रतिशत घटकर 4.12 लाख करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 22,362 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध रूप से संग्रह 3.95 प्रतिशत घटकर करीब 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा।


epaper : www.haribhoomi.com
**हरिभूमि CLASSIFIED**
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF + ESIC + खाने की सुविधा. Mo. 9201958117, 9201958114.(RO-6764)

**मिस्त्री/हेल्पर**

आवश्यकता है- रायपुर दोनदेकला स्थित दाल मिल में काम करने के लिए मिस्त्री, हेल्पर और मुनीम की आवश्यकता है, वेतन योग्यता के अनुसार दिया जाएगा, संपर्क करें 9425205358, 9425525222. (RO-11)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु आठवीं/दसवीं तक पढ़े लड़को की आवश्यकता है कार्य समय 10 से 8 बजे तक इच्छुक प्रातः 10 बजे से रात 8 बजे तक सम्पूर्ण बायोडाटा सहित संपर्क करें शिल्पा सेल्स ए-10 आरडीए काम्पलेक्स शारदा चौक रायपुर (RO-7225)

**ऑपरेटर/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में निम्न पदों की आवश्यकता है (1)बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर (2) अकाउंटेंट (3) गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवक/ युवतियों की । औषधि वाटिका, डूमरतराई 9770099119 9669426111. (RO-430)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**कुक/हेल्पर**

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट के लिए आवश्यकता स्थानः AIIMS, Tatibandh के पास महिला कुक, हेल्पर, क्लीनर संपर्क करें: 8225048516.(RO-A)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- इंदौर भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7415455110, 9589217914. (RO-367)

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवकों की पद 150, वेतन 10000 एवं ड्राइवर भी चाहिए पद 10 वेतन 15000 उम्र 20 से 30वर्ष अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 9870589898, 9302708426, 8448107841.(RO-38413)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 5 युवतियों 5 युवक की आवश्यकता है अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता। वेतन 8000 से 15000 (भिलाई दुर्ग वालों को प्राथमिकता) संपर्क करें:- मो.- 9109479330, 8269465640, 9109393552. (आगे न.-796)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**होटलकर्मी**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केसरी होटल शिव-प्रभा, पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590.(आगे न.-795)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 6200736250.(RO-1102)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**RAIPUR SMART BUSINESS**
**ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-**
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है...
अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

**Healthcare**

**इसे जरूर पढ़िये और समझिये**

● इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो वह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं है। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

# दलीप ट्रॉफी के इतिहास में इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं 2,000 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी भारत का प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट है, जो जोनल प्रारूप में खेला जाता है। इस टूर्नामेंट में वेस्ट जोन की टीम अब तक सबसे सफल रही है, जिसने कुल 19 बार खिताब पर कब्जा जमाया है। उनके बाद नॉर्थ जोन की टीम 18 बार विजेता बनी है। इस टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक चुनिंदा बल्लेबाज ही 2,000 से अधिक रन बनाने में सफल हुए हैं।



### वसीम जाफर (2,545 रन)

दलीप ट्रॉफी में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वेस्ट जोन के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने 30 मैचों की 54 पारियों में 55.32 की औसत के साथ 2,545 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 173* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 13 अर्धशतक लगाए थे। बता दें कि जाफर ने अपने प्रथम श्रेणी करियर का अंत 50.67 की औसत से 19,410 रनों के साथ किया था।

### विक्रम राठौड़ (2,265 रन)



इस सूची में दूसरे पायदान पर विक्रम राठौड़ मौजूद है। नॉर्थ जोन की ओर से उन्होंने 25 मैच खेले थे, जिसमें 51.47 की औसत के साथ 2,265 रन बनाए थे। उन्होंने 6 शतक और 11 अर्धशतक भी लगाए थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 6 टेस्ट में 44 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 131 रन बनाए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 49.66 की औसत से 11,473 रन अपने नाम किए थे।

### अंशुमान गायकवाड़ (2,004 रन)



अंशुमान गायकवाड़ भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे पहले 2,000 रन का आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 26 मैचों की 42 पारियों में 52.73 की औसत के साथ 2,004 रन बनाए थे। वेस्ट जोन का ही प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने 216 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 9 शतक लगाए थे। गायकवाड़ ने भारत की ओर से 30.07 की औसत से 1,985 रन बनाए थे। गायकवाड़ के नाम हैं सर्वाधिक शतकों का रिकॉर्ड गायकवाड़ के नाम ही दलीप ट्रॉफी में सर्वाधिक शतक (9) लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

## दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा 136 विकेट चटकाए हैं नरेंद्र हिरवानी ने

प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अंतर्गत आने वाली दलीप ट्रॉफी के टूर्नामेंट में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह लाल गेंद से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 2,500 से अधिक रन बना चुके हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र हिरवानी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची के बारे में जानते हैं।



**नरेंद्र हिरवानी (126 विकेट)**
पूर्व लेग स्पिनर हिरवानी ने दलीप ट्रॉफी में 29 मैच खेले थे, जिसमें 34.12 की औसत के साथ 126 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 8 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 129 रन देते हुए 7 विकेट लेना रहा था। वह सेंट्रल जोन से खेलते थे। हिरवानी ने भारत की ओर से 17 टेस्ट खेले थे, जिसमें 30.10 की औसत के साथ 66 विकेट लिए थे।

**सिराज बहुतुले (112 विकेट)**
पूर्व लेग स्पिनर सिराज बहुतुले दलीप ट्रॉफी के इतिहास में 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे ही गेंदबाज थे। वेस्ट जोन के लिए 30 मैचों में उन्होंने 26.76 की औसत से 112 विकेट लिए थे। उन्होंने 4 पारियों में 5 विकेट भी लिए थे। 2 दशकों से ज्यादा के लम्बे अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 26.00 की औसत से 630 विकेट लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने 9 शतकों के साथ 6,176 रन भी बनाए थे।

**भगवत चंद्रशेखर (99 विकेट)**
साउथ जोन के भगवत चंद्रशेखर इस सूची में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। उन्होंने सिर्फ 24 टेस्ट में 24.30 की औसत के साथ 99 विकेट लिए थे। उन्होंने 7 पारियों में 5 विकेट लिए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में इस लेग स्पिनर ने 246 मैच खेले थे, जिसमें 24.03 की औसत के साथ 1,063 विकेट लिए थे। उन्होंने 75 पारियों में 5 विकेट हॉल भी लिए थे।

## खबर संक्षेप



### एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के रास्पाडोरी संग किया करार

**मैड्रिड।** स्पेन के फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ अनुबंध किया है जो अभी तक नेपोली की तरफ से खेल रहे थे। इस 25 वर्षीय फॉरवर्ड ने अपना मेडिकल परीक्षण पास कर लिया और उन्होंने स्पेनिश टीम के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। एटलेटिको ने कहा, ''इटली का यह खिलाड़ी बहुमुखी प्रतिभा का धनी है। वह अग्रिम पंक्ति के अलावा मध्य पंक्ति में भी खेल सकता है।'' रास्पाडोरी ने 2022 में नेपोली के साथ करार किया और अपने पहले सत्र में और फिर 2024-25 में क्लब के साथ सीरी ए खिताब जीता।

### डी गुकेश ने ओपेरिन-लिएम को दी करारी शिकस्त

**सेंट लुई।** सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में भारत के डी. गुकेश ने पहले दौर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन से हारने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने



ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले क्वांग को हराकर चार अंक हासिल किए और वेस्ली सो के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचे। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि फैबियानो कारुआना पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश की रानी बलिदान चाल और दबाव में जीत ने दर्शकों को प्रभावित किया। आने वाले दिनों में उनके प्रदर्शन पर सबकी निगाहें रहेंगी।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट ने सुधार के लिए कसी कमर, हुई बैठक

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपने पूर्व खिलाड़ियों के साथ आपात बैठक के बाद 'लाभग सौ चीजों की पहचान



की है' जिनमें सुधार की आवश्यकता है। इसमें युवा खिलाड़ियों में गर्व की भावना पैदा करना, घरेलू टूर्नामेंटों का स्तर बेहतर करना और अधिक धन जुटाना शामिल है। क्षेत्र में खेल की बेहतरी के लिए त्रिनिदाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में विव रिचर्ड्स, ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड, डेसमंड हेन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल और वर्तमान मुख्य कोच डैरन सैमी जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया।

## शुभमन ने बेन स्टोक्स और वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा

# गिल ने रचा इतिहास, प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान चार बार हासिल कर बने पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई 2025 के लिए उन्हें आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। गिल ने इस सम्मान की दौड़ में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा।

### कप्तान के रूप में छाए शुभमन

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को पहली बार भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर खेले गए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। इस सीरीज में गिल ने चार शतक जड़े और कुल 754 रन बनाकर टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज साबित हुए।



### गावस्कर के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे

गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 754 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वे केवल 20 रन पीछे रह गए सुनील गावस्कर के अब तक के रिकॉर्ड से।

### महिला खिलाड़ियों की बराबरी की

इस सम्मान को चार बार जीतकर शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज की बराबरी कर ली है, जो पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। गिल अब तक के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने यह कीर्तिमान रचा है।

### चौथी बार पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी

*शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्हें जनवरी और सितंबर 2023 और फिर फरवरी 2025 में यह सम्मान मिल चुका है। अब जुलाई 2025 में उन्हें यह खिताब मिलने के साथ ही वह इस पुरस्कार को चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।*

### गिल ने जाहिर की अपनी खुशी

*इस सम्मान को लेकर गिल ने कहा, जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह मुझे कप्तान के रूप में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक मेरे लिए इस दौरे का सबसे यादगार लम्हा रहेगा। उनका यह बयान इस बात को दर्शाता है कि वे केवल एक शानदार बल्लेबाज ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार कप्तान भी हैं।*

## मंधाना पिछड़ीं

# दीप्ति टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गयी जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रहीं।

### सादिया ने गंवाए रेटिंग अंक

सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिये। पाकिस्तान महिला टीम इस श्रृंखला को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है।

### हरमनप्रीत कौर टॉप 10 के करीब पहुंचीं

टी20 अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। कलात्मक खब्बू बल्लेबाज मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गयी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुँच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।

## रोनाल्डो ने की जॉर्जिना से सगाई...



**वाशिंगटन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी हीरे की अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं।

### सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से

**नई दिल्ली।** चार अंतरराष्ट्रीय टीम सहित कुल 106 टीम 19 अगस्त से यहां शुरू हो रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन जूनियर लड़कों (अंडर-17), जूनियर लड़कियों (अंडर-17) और सब जूनियर (अंडर-15) वर्ग में किया जाएगा। वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वाधान में सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसइटी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के विभिन्न स्थलों पर 25 सितंबर तक किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान तीनों आयु वर्ग में 200 से अधिक मुकाबले खेले जाएंगे।

### सितंबर तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहेंगे बिन्नी

**बेंगलुरु।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 बरस के हो गए लेकिन संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह दिग्गज कम से कम सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वार्षिक आम बैठक तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। अगर बीसीसीआई की राज्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं जब राष्ट्रीय खेल महासंघों के पदाधिकारियों के लिए कट ऑफ आयु है।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
आस्ति वसूली शाखा :- रायपुर आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, नया रायपुर

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि
*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, आस्ति वसूली शाखा रायपुर का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा जमानतदार को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। जमानतदार के यह राशि लौटाने में विफल होने पर जमानतदार/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। जमानतदार/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, आस्ति वसूली शाखा रायपुर के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता/जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| उधारकर्ता:-मेसर्स श्री विबग्योर कलर लैब, प्रो. श्री हरिशरण अग्रवाल पुत्र स्व. कृष्ण कुमार अग्रवाल, जमानतदार:-श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल पत्नि श्री हरिशरण अग्रवाल एवं श्रीमती शान्ति अग्रवाल पत्नि श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल | (1) साम्यिक बंधक युक्त आवासीय फ्लैट नंबर बी-103, प्रथम तल, ओम रेजिडेन्सी, खसरा (भाग) नं. 506/5, 508/1, 506/10, 508/5, मौजा-अमेरी, प.ह.नं. 26/43, शीट नं. 15, ब्लॉक नं. 19, भूखण्ड नं. 186 (भाग), गुरू घासीदास नगर, वार्ड 07, बिलासपुर, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल 980 वर्गफीट, श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल के नाम पर स्थित, **चौहद्दी**:-उत्तर - फ्लैट नं. बी-102. दक्षिण - खुला आसमान, पूर्व - खुला आसमान, पश्चिम - पैसेज. **(2)** साम्यिक बंधक युक्त लीजहोल्ड आवासीय संपत्ति प्लाट नं. 05, ब्लॉक नं. 3, मौजा-प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम) आवासीय योजना भिलाई पर स्थित, वार्ड नं. 03, न.पा.नि. भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.), क्षेत्रफल 3550.80 वर्गफीट, लीज 31-03-2052 तक वैध, लीजदाता- न.पा.नि. भिलाई, लीजधारी-श्रीमती शान्ति देवी अग्रवाल. **चौहद्दी**:-उत्तर - रोड, दक्षिण - प्लॉट नं. 12, पूर्व-प्लॉट नं. 06, पश्चिम- प्लॉट नं. 04. | दिनांक 17.01.2025 / कब्जा दिनांक 07.08.2025 | ₹ 1,46,12,074.45/- (एक करोड़ छियालिस लाख बारह हजार चौहत्तर रुपये और पैंतालिस पैसे) + ब्याज + अन्य व्यय |

दिनांक : 13.08.2025, स्थान : भिलाई
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)
**।। नोटिस ।।**
क्रमांक /74 /ब-121 /2024-25/683
रायपुर, दिनांक 04 अगस्त, 2025
प्रति,
1. मेसर्स श्याम राईस मिल प्रो. पंकज चौबे, पता ग्राम बाना गर्वमेंट नर्सरी के पास, धरसींवा जिला रायपुर, 2. श्री पंकज चौबे व रामविलास चौबे फ्लैट नं. 303 ब्लाक-डी बरसाना इनक्लेव तेलीबांधा रायपुर, 3. श्री प्रकाश चौबे व रामविलास चौबे, 4. श्री अरविंद चौबे व रामविलास चौबे, 5. श्रीमती प्रेमलता चौबे पति अरविंद सभी निवासी बंगला नं. 26 बरसाना इनक्लेव तेलीबांधा जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया मुख्य शाखा रायपुर की ओर से पंकज लालवानी अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपने बैंक से 4,88,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर प्लांट मशीनरी एवं पंकज चौबे, प्रेमलता चौबे के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 4,49,88,611.90 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।
2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया मुख्य शाखा रायपुर से 4,88,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा बाना प.ह.नं. 31 रायपुर स्थित ख.नं. 63/3 एवं 13/17 रकबा 75535 वर्गफुट मौजा चिरहुलडीह वार्ड नं. 4 रायपुर स्थित ख.नं. 127 एवं 398 का भाग मकान नं. 4/479 रकबा 650 वर्गफुट पर निर्मित मकान एवं प्लांट मशीनरी बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।
3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 25.08.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।
आज दिनांक 04 अगस्त, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)

वित्तीय सेवाएं विभाग
DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES
CRGB
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
CHHATTISGARH RAJYA GRAMIN BANK
3 महीने
वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान
(1 जुलाई 2025-30 सितंबर 2025)
देश भर में कुल 2.7 लाख शिविर
प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर
शिविरों में दी जाने वाली सुविधाएं
शून्य शेष राशि पर पीएमजेडीवाई खाता खोलना, कोई शुल्क नहीं और ₹2 लाख के दुर्घटना बीमा के साथ निःशुल्क डेबिट कार्ड
PM Jeevan Jyoti Bima Yojana
केवल ₹436 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर 2 लाख के जीवन बीमा कवर के लिए पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन (पात्रता: 18-50 वर्ष)
PM Suraksha Bima Yojana
केवल ₹20 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹2 लाख के दुर्घटना बीमा कवर के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नामांकन (पात्रता: 18-70 वर्ष)
Atal Pension Yojana
₹1000 से ₹5000 प्रति माह तक की गारंटीकृत पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना की सदस्यता (पात्रता: 18-40 वर्ष)
10 या उससे अधिक वर्ष पहले खोले गए बचत खातों और पीएमजेडीवाई खातों तथा निष्क्रिय खातों के लिए भी पुनः केवाईसी करवाएं।
डिजिटल धोखाधड़ी से खुद को कैसे बचाएं और RBI द्वारा दावा न किए गए जमा में स्थानांतरित धन का दावा कैसे करें, इस बारे में जानकारी प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिए कृपया अपनी निकटतम बैंक शाखा / बीसी से संपर्क करें
इस मुहिम में शामिल हों। इसका प्रचार-प्रसार करें। बीमा करवाएँ
जनसुरक्षा योजना नामांकन, खाता खोलने, पुनः केवाईसी और धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए प्रत्येक पंचायत में शिविर पर जाएँ।
बैंक आपके दरवाजे पर
लाभ उठाएँ
किसी भी अन्य जानकारी के लिए कृपया अपनी निकटतम छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा से संपर्क करें।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com